सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 6:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,287.19 |
| निफ्टी | 25,178.65 |

सोना 1,59,123 चांदी 2,61,400

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 1 मार्च 2026 | 18 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 63, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### युकां के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिब को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए 'शर्टलेस' प्रदर्शन प्रकरण में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब को राहत देते हुए उनकी जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। अदालत ने पुलिस की सात दिन की अतिरिक्त रिमांड की मांग को खारिज करते हुए जमानत से संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन का आदेश दिया है। सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अदालत की ओर से रिहाई का औपचारिक आदेश जारी किया जा सकता है। उदयभानु चिब को 20 फरवरी को भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 24 फरवरी को उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था, जिसकी अवधि पूरी होने पर उन्हें ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद पुलिस की रिमांड अर्जी को अस्वीकार करते हुए जमानत मंजूर कर ली। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली पुलिस के एसीपी राहुल विक्रम का तबादला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त राहुल विक्रम का तबादला कर उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भेज दिया गया है। इस निर्णय को हाल ही में एआई समिट प्रकरण के बाद दिल्ली पुलिस और हिमाचल पुलिस के बीच चली तनातनी से जोड़कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एआई समिट के दौरान कुछ युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से अर्धनग्न अवस्था में प्रदर्शन किए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों की तलाश में व्यापक स्तर पर कार्रवाई की थी। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में 17 स्थानों पर छानबीन की गई, जिनमें हिमाचल भवन और सदन भी शामिल रहा। इसके उपरांत हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू क्षेत्र के चार गांवों से कुछ लोगों की गिरफ्तारी की गई, जिसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस के बीच अधिकार क्षेत्र और कार्यप्रणाली को लेकर खींचतान की स्थिति बनी रही। इसी बीच एसीपी राहुल विक्रम और शिमला पुलिस के अधिकारियों के बीच हुई कथित बहस ने मामले को और संवेदनशील बना दिया। अब उनके अंडमान-निकोबार स्थानांतरण को लेकर महकमे और राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज है।

### टीएमसी ने राज्यसभा के लिए खड़े किए 4 कैंडिडेट

**एजेंसी, कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार शाम को राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। इनमें मंत्री बाबुल सुप्रियो, बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार, सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी और एक्ट्रेस कोयल मल्लिक का नाम शामिल है। टीएमसी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- हम इन उम्मीदवारों को दिल से बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। वे तृणमूल की मजबूती की विरासत और हर भारतीय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए उसके पक्के वादे को बनाए रखेंगे। पश्चिम बंगाल समेत महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से चुने गए 37 सदस्यों का टर्म अप्रैल महीने में खत्म हो जाएगा। इन सीटों पर 16 मार्च को वोटिंग होगी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिमला-दिल्ली पुलिस में टकराव का विवाद गहराया -पेज 3
- डिप्टी सीएम करेंगे राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले का उद्घाटन -पेज 6
- टांकरी लिपि हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान: डॉ. यज्ञदत्त -पेज 9
- 13 स्थलों पर 28 वृक्षों को हटाने के दिए दिशा-निर्देश -पेज 12


# अमेरिका-इसराइल का ईरान पर हमला

## ईरान के रक्षामंत्री, रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कमांडर पाकपोर की मौत

## ईरान ने पलटवार कर इसराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं

## कतर, बहरीन-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस को बनाया निशाना

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

इसराइल और अमेरिका ने शनिवार सुबह संयुक्त रूप से ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इन हमलों में ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्डर्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई।

वहीं, ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। इसराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रंप ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है।

उधर, पलटवार करते हुए ईरान ने भी इसराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने इसराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने कतर, बहरीन और यूएई में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमले किए।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी फार्स के अनुसार खाड़ी क्षेत्र में मौजूद कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को मिसाइल हमलों का निशाना बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)



◆ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्राओं की गई जान

### इसराइल ने अभियान को दिया 'लियोनस् रोर' नाम

**रिपोर्ट्स** के अनुसार, इसराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इसराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इसराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है।

### भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी

**ईरान** में भारतीय एंबेसी ने एक एडवाइजरी में उस देश में भारतीय नागरिकों से गैर-जरूरी मूवमेंट से बचने और घर के अंदर रहने की अपील की। जनवरी में ऑफिशियल डेटा के मुताबिक, ईरान में स्टूडेंट्स समेत 10,000 से ज्यादा भारतीय रह रहे हैं। वहीं, इसराइल में 41,000 से ज्यादा भारतीय रहते हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी भारतीय नागरिकों को तय शेल्टर के पास रहना चाहिए और अपने रहने या काम करने के इलाके में सबसे पास की सुरक्षित जगहों के बारे में पता होना चाहिए।

### भारत की 50% तेल सप्लाई पर संकट

**ईरान** और इसराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10% से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान जंग में 300 की मौत, 500 घायल



**एजेंसी, काबुल/इस्लामाबाद**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत वीरवार देर रात उस समय हुई थी, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की।

वहीं, पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### अलग-अलग दावे

**पाकिस्तान** सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं, तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट होने से 20 लोगों की मौत

## 6 गंभीर घायल, 5 किमी दूर तक सुनाई दी धमाके की आवाज

**एजेंसी, अमरावती**

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में धमाका हो गया। हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाके के समय फैक्टरी में 20 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ।

धमाका इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया।



पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात हैं। (अनंत ज्ञान)

# बोलिविया में करंसी से भरा विमान क्रैश 15 लोगों की मौत

**एजेंसी, ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह करंसी से भरा एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गई। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में 64 हजार किशोरियों को लगेगी एचपीवी वैक्सीन: सीएम

## आईजीएमसी में एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ | बोले- सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सरकार ने छेड़ी निर्णायक जंग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की सेहत को सर्वोपरि मानते हुए सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ रही है और आगामी 90 दिनों के भीतर 14 वर्ष आयु वर्ग की 64 हजार किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीका लगाकर उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। राजधानी शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अटल सभागार में राज्य स्तरीय टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कर्मियों से इसे जनांदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सहमति के लिए विशेष जानकारी प्रपत्र तैयार किया जाएगा ताकि हर परिवार तक सही सूचना पहुंचे और किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर-पूर्वी राज्यों के बाद हिमाचल में सर्वाइकल कैंसर के मामले चिंताजनक रूप से सामने आ रहे हैं और समय रहते जांच व उपचार ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। सरकार हमीरपुर में लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करने जा रही है। इसके साथ ही आठ माह के भीतर आईजीएमसी सहित सभी मेडिकल कॉलेजों को विश्वस्तरीय तकनीक और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। अगले तीन वर्षों में जोनल अस्पतालों, आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी उन्नत उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उच्च स्तरीय मशीनों और उपकरणों की स्थापना पर लगभग 3000 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे तथा स्वास्थ्य पर्यटन को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश के पांचों मेडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू की जा रही है। चमियाना और टांडा में इसकी शुरुआत हो चुकी है, जहां उपचार के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। आगामी 10 मार्च से आईजीएमसी शिमला में भी रोबोटिक सर्जरी प्रारंभ होगी। निजी अस्पतालों में इस प्रकार की सर्जरी पर लाखों रुपए खर्च होते हैं, जबकि प्रदेश सरकार इसे आमजन की पहुंच में लाने का प्रयास कर रही है। मशीनों के रखरखाव के लिए नाममात्र शुल्क लिया जाएगा ताकि यह सुविधा सतत रूप से जारी रह सके।





आईजीएमसी शिमला में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

◆10 मार्च से आईजीएमसी में भी शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

### स्वास्थ्य मंत्री बोले-यह वैक्सीन बिलकुल फ्री

**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा और यह टीका बालिकाओं को पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे आगे आकर अपनी बेटियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने में सहयोग दें, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सुरक्षित रह सके।

# चंबा के दूरदराज क्षेत्रों में लगेंगे नए प्रोजेक्ट : रिजिजू

## केंद्रीय मंत्री बोले- संसद सत्र शुरू होने से पहले परियोजनाओं की होगी औपचारिक शुरुआत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू शनिवार सुबह कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे चंबा प्रवास के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय द्वारा पहले लाहौल-स्पीति में कई नए प्रोजेक्ट दिए जा चुके हैं और अब चंबा के दूरदराज क्षेत्रों में स्वीकृत योजनाओं को क्रियान्वित रूप से प्रारंभ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए राशि जारी की जा चुकी है, उन्हें धरातल पर उतारने के उद्देश्य से वे स्वयं चंबा पहुंचे हैं। संसद सत्र शुरू होने से पहले इन परियोजनाओं की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। हाल ही में हुए हिमाचल और दिल्ली पुलिस विवाद पर मंत्री ने कहा कि उन्हें इस विषय में विस्तृत जानकारी नहीं है, इसलिए वे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हालांकि एआई समिट में हुए प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस द्वारा किया गया एक षड्यंत्र था और मामले में पुलिस अपना कार्य कर रही है।

अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर हाल ही में कोर्ट की टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह न्यायालय का निर्णय है, जिस पर वे कुछ नहीं कहना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत यदि किसी अदालत के फैसले पर आपत्ति है तो उसे उच्च न्यायालय या अन्य बेंच में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री के खिलाफ लंबे समय से बयानबाजी की जा रही है, लेकिन बार-बार एक ही तरह के आरोपों का कोई विशेष महत्व नहीं रह जाता। अपने चंबा दौरे को लेकर मंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है, उन्हें अब जमीनी स्तर पर शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से वे यहां पहुंचे हैं।



कांगड़ा एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते किरेन रिजिजू। अनंत ज्ञान

# एचआरटीसी बसों में आधे टिकट के लिए आयु प्रमाण अनिवार्य !

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों में अब आधे टिकट पर यात्रा करने वाले बच्चों के लिए आयु प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य किया जा सकता है। निगम प्रबंधन ने बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है और कहा है कि जल्द ही इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। निगम का कहना है कि बच्चों की आयु को लेकर अक्सर परिचालकों और अभिभावकों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती है, जिसे स्पष्ट नियमों के जरिए खत्म किया जाएगा। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का किराया नहीं लगता, जबकि पांच से बारह वर्ष तक के बच्चों को आधा किराया देना होता है। बैठक में परिचालकों के रात्रि भत्ते और लंबी दूरी के मार्गों पर उनके बैठने की व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

◆निगम प्रबंधन ने बैठक में प्रस्ताव पर जताई सहमति

परिचालकों ने मांग की कि रात्रि ड्यूटी का भत्ता नियमित रूप से दिया जाए और लंबी दूरी की बसों में उनके लिए आगे की सीट आरक्षित की जाए, क्योंकि अंतिम सीट पर बैठने से स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ती हैं। प्रबंधन ने वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया कि रात्रि भत्ते के भुगतान को नियमित करने और फ्रंट सीट आरक्षण पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

**वाइल्ड लाइफ** नामीबिया, साउथ-अफ्रीका के बाद बोत्सवाना से लाए गए 9 चीते

# देश में बढ़ा चीतों का कुनबा, 48 हुई तादाद

**एजेंसी नई दिल्ली**

भारत के मध्य प्रदेश राज्य के कूनो नेशनल पार्क में शनिवार सुबह 9 और चीते लाए गए। दक्षिण अफ्रीकी देश बोत्सवाना से 6 मादा और 3 नर चीते वायुसेना के विशेष विमान से पहले ग्वालियर, फिर हेलिकॉप्टर से कूनो नेशनल पार्क लाए गए। कूनो में अब चीतों का कुनबा 36 से बढ़कर 45 गया है, वहीं गांधी सागर अभयारण्य के तीन चीतों को मिलाकर देश में कुल 48 चीते हो गए हैं।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सुबह विशेष विमान से ग्वालियर, फिर हेलिकॉप्टर के जरिए कूनो पहुंचे। सुबह करीब 9:20 बजे उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से क्रेट का हैंडल घुमाकर दो चीतों को क्वारंटीन बाड़े में रिलीज किया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई खेप में मादा चीतों की अधिक संख्या से कूनो में लिंगानुपात बेहतर होगा, जिससे भविष्य में प्राकृतिक प्रजनन की संभावनाएं और प्रबल होंगी। (अनंत ज्ञान)



◆कूनो में 45 और गांधी सागर अभयारण्य में तीन चीते

### और मजबूत होगी जेनेटिक विविधता

**जानकारों** के मुताबिक, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के बाद अब बोत्सवाना के चीतों के शामिल होने से कूनो में जेनेटिक विविधता और मजबूत होगी। कूनो में अब वयस्क चीतों की संख्या में 18 मादा और 16 नर शामिल हैं। सभी 9 चीतों को अगले एक महीने तक विशेष क्वारंटीन बाड़ों में विशेषज्ञों और डॉक्टरों की सख्त निगरानी में रखा जाएगा। तीन अलग-अलग देशों के चीतों का एक साथ होना इस प्रोजेक्ट की लंबी अवधि की सफलता के लिए निर्णायक साबित होगा।

# एसडीएम ओशिन ने डिलीट किए सोशल मीडिया अकाउंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा की अधिकारी ओशिन शर्मा, जो वर्तमान में शिमला में एसडीएम के पद पर तैनात हैं, ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिए हैं। यह कदम हाल के विवादों और बढ़ते दबाव के बीच उठाया गया माना जा रहा है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। बता दें कि निजी कंपनी के उत्पाद के प्रमोशन से जुड़ा मामला सामने आने के बाद मुख्य सचिव ने जांच के आदेश दिए थे और सरकार की ओर से संकेत दिया गया था कि सेवा नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक हलकों में इसे सरकार की सख्त नीति से जोड़कर देखा जा रहा है।



एसडीएम ओशिन शर्मा की सोशल मीडिया पर सक्रियता पहले भी चर्चा का विषय रही है और हालिया घटनाक्रम के बाद यह मुद्दा और तेज हो गया। विपक्ष ने भी इस प्रकरण को लेकर सरकार पर सवाल उठाए, जबकि आधिकारिक स्तर पर अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

◆निजी कंपनी का प्रोडक्ट प्रमोट करने पर सरकार की सख्ती के बाद लिया फैसला

# शिमला-दिल्ली पुलिस में टकराव का विवाद गहराया

## गिरफ्तारी प्रकरण में दिल्ली टीम को समन की तैयारी, विभागीय कार्रवाई के संकेत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला पुलिस व दिल्ली पुलिस के बीच उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी दिल्ली में आयोजित एआई सम्मेलन के दौरान हुई गिरफ्तारी की कार्रवाई अब अंतरराज्यीय टकराव का रूप लेती दिख रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय स्तर पर पूरे प्रकरण की कड़ी निगरानी की जा रही है और विस्तृत रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। जांच दल घटना से जुड़े हर पहलू खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, टीम की गतिविधियों, कॉल रिकॉर्ड और स्थानीय समन्वय की बारीकी से पड़ताल कर रहा है, ताकि स्पष्ट हो सके कि आखिर किस परिस्थिति में यह विवाद खड़ा हुआ।

जानकारी के अनुसार मामले की जड़ 25 फरवरी को हुई उस कार्रवाई से जुड़ी है, जब दिल्ली पुलिस की टीम ने रोहड़ू क्षेत्र के चांशल कैंप रिसॉर्ट से युवा कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। आरोप है कि यह कार्रवाई हिमाचल पुलिस को औपचारिक सूचना दिए बिना की गई। बाद में जब स्थानीय पुलिस को इसकी भनक लगी तो दोनों राज्यों की पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक की स्थिति बन गई। आरोपितों को ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद दिल्ली ले जाया गया, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने कई संवैधानिक और प्रशासनिक प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

- मुख्यालय स्तर पर कड़ी निगरानी, वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट
- अपहरण समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ मामला कानूनी राय ली जा रही
- बिना सूचना कार्रवाई पर सवाल, अंतरराज्यीय समन्वय बना मुद्दा

शिमला पुलिस ने रिसॉर्ट संचालक की शिकायत पर संबंधित दिल्ली पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। कानूनी विशेषज्ञों से राय ली जा रही है और समन जारी करने की प्रक्रिया पर विचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी राज्य की पुलिस को दूसरे राज्य में कार्रवाई से पहले स्थानीय प्रशासन को सूचित करना और विधिक औपचारिकताएं पूरी करना अनिवार्य होता है। यदि जांच में यह पाया गया कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### नियमों की अनदेखी सिद्ध हुई तो विभागीय कार्रवाई संभव

**उधर,** पुलिस मुख्यालय से संकेत मिल रहे हैं कि यदि नियमों की अनदेखी सिद्ध होती है तो विभागीय कार्रवाई से भी इंकार नहीं किया जा सकता। जांच एजेंसियां यह भी देख रही हैं कि क्या कार्रवाई से पूर्व कोई लिखित अनुमति, वारंट या समन्वय प्रक्रिया अपनाई गई थी। इस प्रकरण ने न केवल दो राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय की संवेदनशीलता को उजागर किया है, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि कानून व्यवस्था के मामलों में प्रक्रियात्मक शुचिता कितनी अहम है। आने वाले दिनों में समन जारी होने और पूछताछ की कार्रवाई के साथ यह मामला और अधिक गर्माने की संभावना जताई जा रही है।

# राज्यसभा चुनाव को उम्मीदवार तय करने में जुटी कांग्रेस

अनंत ज्ञान

### मुख्यमंत्री सुक्खू आज जाएंगे दिल्ली

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस इस बार उम्मीदवार चयन में कोई चूक नहीं करना चाहती और नामांकन से पहले ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा करने की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रविवार को दिल्ली रवाना होंगे, जहां वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से राज्यसभा प्रत्याशी के नाम पर मंथन करेंगे। राज्यसभा चुनाव के लिए 5 मार्च को नामांकन और 16 मार्च को मतदान निर्धारित है।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे से लौटने के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में पार्टी हाईकमान के फैसले से विधायकों को अवगत कराया जाएगा और औपचारिक रूप से उम्मीदवार के नाम पर मुहर लगेगी। पार्टी नेतृत्व इस बार समय से पहले नाम घोषित कर विपक्ष को रणनीति बनाने का अवसर नहीं देना चाहता।

बता दें कि पिछले चुनावों से सबक लेते हुए कांग्रेस एकजुटता और सतर्कता के साथ आगे बढ़ रही है। राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल और डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी के नामों की चर्चा है। डॉ. सिंघवी का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, जबकि रजनी पाटिल को हिमाचल से राज्यसभा भेजे जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा, लेकिन इस चुनाव को कांग्रेस सरकार के लिए फिर से अहम राजनीतिक परीक्षा माना जा रहा है।




# धर्मशाला में स्कूटी को कार ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शनिवार को हुए एक हादसे में एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। सुबह करीब 11.30 बजे हुए इस हादसे में स्कूटी पर सवार महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरियाणा नंबर की कार एचआर 48 सी-5677 ने गलत दिशा में आते हुए एक स्कूटी को कंडी में मांझी पुल के पास टक्कर मार दी। इस हादसे में दाड़नू निवासी महिला 58 वर्षीय दुर्गेश देवी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ये टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के पीछे बैठी महिला कार के फ्रंट शीशे के ऊपर जा गिरी। बुरी तरह से घायल हुई महिला को तुरंत जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया गया जहां ऊपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के बेटे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, बेटा ठीक बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस हरियाणा नंबर की गाड़ी में सवार दो युवकों तथा युवतियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतका का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दिल्ली में जयराम ठाकुर की अमित शाह व गजेंद्र शेखावत से अहम मुलाकात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों और विकास परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रदेश के हितों, लंबित मामलों तथा केंद्र से अपेक्षित सहयोग को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। जयराम ठाकुर ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भी मुलाकात कर प्रदेश में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ बैठक में एशियाई विकास बैंक की सहायता से संचालित परियोजनाओं, मंडी में निर्माणाधीन 'शिवधाम' प्रकल्प तथा हिमाचल में धार्मिक और पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाले प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जयराम ने कहा कि शिवधाम परियोजना प्रदेश में आस्था पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प है, जिससे स्थानीय संस्कृति का संरक्षण होगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और प्रदेश के समन्वय से हिमाचल की आर्थिकी को सुदृढ़ आधार मिलेगा।


अनंत ज्ञान
गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।



# मर्ज एरिया में भी शहरी क्षेत्र की तर्ज पर पानी देने की कवायद

## शहरी क्षेत्र में 135 लीटर, मर्ज एरिया में मिल रहा प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी

◆ जल शक्ति विभाग ने तैयार की है 125 करोड़ की डीपीआर

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के शहरी क्षेत्र की तर्ज पर मर्ज एरिया में पेयजल सप्लाई की जल शक्ति विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। शहरी क्षेत्र में 135 लीटर पानी प्रतिदिन, प्रति व्यक्ति, जबकि मर्ज एरिया में 70 लीटर पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दिया जा रहा है।

मर्ज एरिया को शहरी क्षेत्र की तर्ज पर 135 लीटर पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जलशक्ति विभाग ने 125 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की है, जिसे स्वीकृत करवाने के लिए विभाग प्रयासरत है। गौरतलब है कि धर्मशाला नगर परिषद का पुराना क्षेत्र जिसमें वार्ड एक से आठ तक आते हैं, वहां पर 135 लीटर पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से दिया जा रहा है, जबकि नगर निगम में मर्ज किए गए अन्य वार्डों में ग्रामीण क्षेत्रों के नियमानुसार 70 लीटर पानी प्रति व्यक्ति की मुहैया करवाया जा रहा है। इसके लिए विभाग प्रयासरत है कि नगर निगम के मर्ज एरिया में भी ग्रामीण नियमों के बजाय शहरी क्षेत्र के नियमों अनुसार 135 लीटर पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से मुहैया करवाया जा सके।

### रामनगर-शामनगर में नहीं होगी पेयजल समस्या

**रामनगर**-शामनगर की पेयजल योजना वर्ष 2006-07 में बनी थी, जिसमें नगर निगम की ओर से ट्यूबवेल लगाने के लिए 80 लाख रुपए मिले थे और ट्यूबवेल स्थापित कर दिए गए थे। वहीं, प्रदेश सरकार से अर्बन वाटर सप्लाई में जल शक्ति विभाग को चालू वित्त वर्ष में सवा दो करोड़ रुपए की स्कीम मिली है, जिसकी एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल हो चुकी है। इसका टेंडर करवाने उपरांत करीब 50 फीसदी कार्य भी पूरा किया जा चुका है। स्कीम के तहत फूड क्राफ्ट इंस्टीटयूट के पास तीन ट्यूबवेल स्थापित किए हैं। प्रयास रहेगा कि 15 जून तक इस स्कीम को शुरू कर दिया जाएगा। इससे रामनगर और शामनगर में जो पेयजल समस्या विशेषकर गर्मियों में पेश आती थी, उसका समाधान हो जाएगा।



**नगर** निगम के मर्ज एरिया में भी ग्रामीण नियमों के बजाय शहरी क्षेत्र के नियमों अनुसार 135 लीटर पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से मुहैया करवाने के लिए विभाग प्रयासरत है। रामनगर-शामनगर क्षेत्र में जो पानी की समस्या रहती है, उसका भी इस बार समाधान हो जाएगा।

**-दीपक गर्ग, चीफ इंजीनियर, जल शक्ति विभाग, धर्मशाला जोन**

# संपत्ति सर्वेक्षण कार्य 80 फीसदी पूरा, शेष के लिए नगर निगम ने मांगा जनता का सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम की ओर से संपत्ति कर की वसूली इकाई क्षेत्र मूल्य (यूएवी) पद्धति के अनुसार की जा रही है, जिसे 17 मार्च 2020 को हिमाचल प्रदेश राजपत्र में अधिसूचित एवं प्रकाशित किया गया था। आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने बताया कि धर्मशाला नगर निगम की ओर से एजीआईएसएसी शिमला के माध्यम से घर-घर जाकर व्यापक संपत्ति सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य संपत्ति कर के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निर्धारण हेतु सटीक एवं अद्यतन संपत्ति संबंधी आंकड़े एकत्रित करना है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में संपत्ति कर से संबंधित लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आयुक्त ने कहा कि संपत्ति कर प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक जनहित में सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। नगर निगम उन नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने सर्वेक्षण टीमों को पूर्ण सहयोग एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई है। इस प्रकार की जनभागीदारी सराहनीय है तथा संपत्ति कर प्रणाली के सफल कार्यान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नगर निगम धर्मशाला के समस्त नागरिकों से अनुरोध है किया कि वे घर-घर जाकर संपत्ति सर्वेक्षण कर रही टीम के साथ पूर्ण सहयोग करें तथा 15 मार्च 2026 से पूर्व आवश्यक जानकारी अवश्य उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सर्वेक्षण के दौरान अपेक्षित जानकारी प्रदान करने में असहयोग करता है या जानकारी देने से इनकार करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अभिभावक आगे आएं, बेटियों को अवश्य लगवाएं एचपीवी टीका : डीसी

◆ निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण के लिए जिले की 12,903 बालिकाओं का किया पंजीकरण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्यस्तरीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कांगड़ा जिले में किशोरियों को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान का जिलास्तरीय कार्यक्रम शनिवार को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी हेमराज बैरवा ने की। डीसी ने विभागों, संस्थाओं तथा आमजन से इस महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता की अपील की, ताकि जिले में अधिकतम लाभार्थियों तक टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरुकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि अभिभावकों और छात्राओं को टीके के महत्व, प्रक्रिया और सुरक्षा संबंधी जानकारी सरल एवं स्पष्ट रूप में मिल सके तथा किसी भी प्रकार की भ्रांति दूर हो। डीसी ने बताया कि जिले 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 12,903 बालिकाओं का पंजीकरण किया जा चुका है। शेष पात्र बालिकाओं का पंजीकरण भी शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 75 विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सामान्यतः यह वैक्सीन बाजार में लगभग 10 हजार रुपए की है, जबकि सरकार द्वारा इसे पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। डीसी ने अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा समुदाय के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे पात्र बालिकाओं का समय पर प्री-रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें और इस अभियान को सफल बनाएं। निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह जीवनरक्षक टीका निःशुल्क लगाया जाएगा।

# प्रदेश सरकार ने 40 माह में दिए जनता को 40 जख्म : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. बिंदल व अन्य।

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश में घटित ताजा घटनाक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। शनिवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की जनता को 40 माह मे 40 दंश झेलने पड़े हैं। वन अधिकारिओं पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में वन, खनन, ट्रांसफर और चिटटा माफिया सक्रिय है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा विभाग का पतन किया गया है। प्रदेश में पहले करीब 1500 स्कूलों को बंद कर दिया गया। फिर राशलाइजेशन के नाम पर 500 स्कूल बंद किए गए। उन्होंने कहा कि अब स्कूल मर्ज किए जा रहे हैं, स्कूलों के मर्ज करना, उर्दू का शब्द मर्ज बन गया है।

बिंदल ने आरोप लगाया कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में शिक्षा का बेड़ा गर्क करके रख दिया है।

◆ स्कूलों को मर्ज करने का शब्द अब बन गया है उर्दू का मर्ज

स्कूलों को बंद करने, मर्ज करने से बच्चों की पढ़ाई के हो रहे नुकसान की भरपाई कौन करेगा, इसका जवाब सरकार के पास भी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की सत्ता संभालते ही जनता पर टैक्स की मार शुरू कर दी थी, अब प्रदेश में एंट्री टैक्स के नाम पर टैक्स को मल्टीपल कर दिया गया है, यानी हिमाचल आइए, लेकिन पहले भारी भरकम टैक्स दीजिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में एंट्री टैक्स लगाया जा रहा है, यदि पंजाब व हरियाणा ने टैक्स लगाया तो हिमाचल की जनता भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खुद में उलझी सरकार ने अपने गलत निर्णयों से जनता को भी उलझा रखा है।

# संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न कर सके अधिवक्ता रहें सतर्क

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का भाजपा जिला पालमपुर द्वारा ढोल नगाड़ों और पटाखों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। बिंदल ने भाजपा जिला कार्यालय पालमपुर में आयोजित विधि एवं विधिक प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय परिचय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े अधिवक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा और पार्टी की नीतियों को मध्यनजर रखते हुए देश और प्रदेश में हो रहे गलत कार्यों को उजागर करके कार्य करें। इस बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार, पवन काजल, प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, विधि एवं विधिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अंशुल बंसल, जिला अध्यक्षा रागिनी रकवाल, पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी, रविंदर धीमान, अरविंद शर्मा और मनोज शर्मा, प्रदेश से आए हुए विधि प्रकोष्ठ के सहसंयोजक, जिलों के संयोजक और सहसंयोजक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं के लिए होंगे प्रदर्शन : रविंद्र

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 16 मार्च को डीसी ऑफिस धर्मशाला, 18 मार्च को एसडीएम दफ्तर धीरा और 20 मार्च को एसडीएम दफ्तर बैजनाथ में मजदूरों की मांगों को पूरा करने के लिए धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे, साथ ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिए जाएंगे। यह बात यूनियन के राज्य महासचिव रविंद्र सिंह रवि, राज्य अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी तथा अन्य राज्य एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों नवीन चौधरी, अमन चौधरी, सुरजीत सिंह राणा, राकेश शर्मा व सरोज लता ठाकुर ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी एवं ईपीएफओ की वेतन सीमा 35000 और 30000 रुपए की जाए, वेज सीलिंग हटाई जाए। आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी एवं मिड-डे मिल कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी दी जाए, उन्हें एएसआई और पीएफ की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में निर्माण श्रमिकों के तीन वर्ष से लंबित क्लेम पास किए जाएं, निर्माण श्रमिकों को ईएसआईसी और पीएफ का लाभ दिया जाए, हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में स्थाई सचिव की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों को जटिल प्रक्रिया से बाहर निकाला जाए। उन्होंने कहा कि यूनियन के इन धरनों में हजारों श्रमिक शामिल हो रहे हैं। यह धरने पूरे देश में 25 मार्च तक लगातार लगाए जाएंगे।

# परीक्षा ड्यूटी की जानकारी अब लाइव

## बोर्ड अध्यक्ष के सख्त निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और गोपनीय बनाने के लिए कमर कस ली है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शनिवार को परीक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने घोषणा की है कि परीक्षा केंद्र अधीक्षकों और उप-केंद्र अधीक्षकों की ड्यूटी लिस्ट संबंधित विद्यालयों के लॉगिन पोर्टल पर लाइव कर दी गई है।

◆ स्कूल लॉगिन पर तैनातियों की लिस्ट हुई जारी

बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की गरिमा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा शुरू होने से ठीक एक दिन पहले केंद्र समन्वयक की मौजूदगी में परीक्षा सामग्री और अधीक्षक पैकेट की गहनता से जांच करें। उन्होंने हिदायत दी है कि बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए, अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### त्रुटि मिलने पर तुरंत सूचित करने के आदेश

**डॉ.** शर्मा ने यह भी सुनिश्चित किया है कि यदि सामग्री की जांच के दौरान किसी भी प्रकार की कमी या तकनीकी त्रुटि पाई जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल बोर्ड कार्यालय को दी जाए। समय रहते सूचना देने से आवश्यक सुधार किए जा सकेंगे ताकि परीक्षा प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### निष्पक्ष और व्यवस्थित परीक्षा

**बोर्ड** अध्यक्ष ने दोहराया कि उनका प्राथमिक लक्ष्य प्रत्येक विद्यार्थी को एक भयमुक्त और पारदर्शी परीक्षा वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से पूर्ण सहयोग की अपील की है ताकि बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जा सके।

# भारती विद्यापीठ स्कूल के 13 स्टूडेंट्स ने पास की ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



विद्यालय के निदेशक नवनीत डोगरा ने बच्चों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के 13 होनहार विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों में नव्या ठाकुर, मयंक राणा,यश कपूर, आइशा सूद, आरव राणा, कर्निका, अध्ययन ठाकुर, विनायक सिंह, आरव कपूर, अभिराज, अरमान कपूर, शिवन्या और कृतिका हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नवनीत डोगरा, प्रधानाचार्य संजय शर्मा तथा सभी अध्यापकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ग्रामीणों को दी आयुष ग्राम योजना की जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** बन्डू भरवाणा गांव में आयुष ग्राम योजना के तहत स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष चिकित्सकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और औषधीय पौधों पर आधारित दवाइयों का वितरण किया। योग सत्र, पोषण एवं जीवनशैली प्रबंधन पर कार्यशालाएं भी आयोजित हुईं। स्थानीय प्रशासन व ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा। उद्देश्य गांव को आदर्श आयुष ग्राम के रूप में विकसित करना है।

# शिवनगर कॉलेज में आंकड़ों के उपयोग पर जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एसएसएस स्कीम के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार का सांख्यिकी विभाग और शिवनगर महाविद्यालय का वाणिज्य विभाग मिलकर आंकड़ों के उपयोग के लिए जागरुकता अभियान चला रहा है। इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा धरवाल ने 27 फरवरी को विद्यार्थियों को एक्सल पर सरकारी आंकड़ों का प्रयोग करना सीखाते हुए विद्यार्थियों के ज्ञान में नया अनुभव जोड़ा। इस अभियान की शुरुआत 21 फरवरी से हुई, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही और उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए जीवन में आंकड़ों का महत्व बताया। नगरोटा बगवां महाविद्यालय के प्रो. ओंकार चंद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने व्याख्यान में आकड़ों के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। 25 फरवरी को डाटा हंट चैलेंज रखा गया, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

26 फरवरी को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें 45 विद्यार्थी उपस्थित रहे। 27 फरवरी को आकड़ों से संबंधित मीम बनाकर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता को दिखाते हुए सीखने के नए तरीके सीखे। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे और यह पहल आज के समय में अति आवश्यक है। प्राचार्या ने बताया की यह पहल विद्यार्थियों में नवीन कौशल को बढ़ावा देकर उन्हें वर्तमान समय की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगी।



प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने इस पहल की सराहना की। अनंत ज्ञान

# गरली में सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चलाया अभियान

**अनंत ज्ञाल, गरली।** स्वास्थ्य विभाग और गरली पंचायत के सरकारी व निजी स्कूलों ने शनिवार को मिलकर सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ अभियान चलाया है। अभिभावक-शिक्षक बैठक के दिन विद्यालय परिसर जागरूकता के मंच बन गए, जहां सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को लेकर निर्णायक अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य टीम ने अभिभावकों से कहा कि बेटियों की सुरक्षा आज आपकी सहमति पर निर्भर है। सरकारी स्कूल गरली में सीएचओ सोनिका ने बताया कि समय पर लगाया गया। एचपीवी टीका भविष्य में होने वाले घातक सर्वाइकल कैंसर से बचाव की मजबूत ढाल है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 1.2 से 2.3 लाख तक सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और 75 से 80 हजार महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसे समय रहते टीकाकरण से रोका जा सकता है। सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 14 वर्ष पूर्ण कर 15वें वर्ष में प्रवेश करने वाली बालिकाएं टीकाकरण के लिए पात्र हैं। 15+ आयु वर्ग को 90 दिन की अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी। निजी अस्पतालों में लगभग 10 हजार रुपये तक की यह वैक्सीन इस विशेष अभियान में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

# 35 साल की सेवा के बाद अधिशाषी अभियंता एमएल शर्मा सेवानिवृत्त



अनंत ज्ञान

**जवाली।** लोक निर्माण विभाग मंडल जवाली के अधिशाषी अभियंता एमएल शर्मा 35 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विभागीय परिसर में अधीक्षण अभियंता एमपी धीमान की अध्यक्षता में एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेकेदारों ने एमएल शर्मा को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिशाषी अभियंता एमएल शर्मा ने कहा कि विभाग में बिताए गए 35 वर्ष उनके जीवन के अनमोल वर्ष रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया।

## ढाटी स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने रामानुजन गणित विज्ञान क्लब के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के प्राध्यापकों ने खेल-खेल में गणित व विज्ञान संबंधी जानकारी दी। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक गढ़ जमूला के प्रबंधक सुनील राणा ने बैंकिंग प्रक्रियाओं से अवगत कराया। प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

जानकारी | शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, सांस्कृतिक संध्या में गोमा होंगे मुख्यातिथि

# पालमपुर राज्यस्तरीय होली महोत्सव का आगाज आज

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर राज्यस्तरीय होली महोत्सव का आगाज रविवार को प्रातः 11 बजे शोभायात्रा के साथ होगा। शोभा यात्रा के शुभारंभ मौके पर पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

यह जानकारी एसडीएम पालमपुर एवं अध्यक्ष महोत्सव कमेटी डॉ. ओपी यादव ने प्रेसवार्ता में दी। महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा होंगे, जिसमें मुख्य आकर्षण पहाड़ी नाइट रहेगी। स्टार कलाकार के तौर पर विक्की चौहान और कुलदीप शर्मा इस दिन लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन, 2 मार्च को आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में स्टेट प्लानिंग बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति होंगे। इस शाम भी दर्शकों के लिए पहाड़ी नाइट का विशेष आयोजन किया जाएगा। इशांत भारद्वाज इस दिन मुख्य रूप से लोगों का मनोरंजन करेंगे।



प्रेसवार्ता करते एसडीएम डॉ. ओपी यादव। अनंत ज्ञान

इस दिन डॉग शो, फेंसी ड्रेस, फन गेम आदि भी आयोजित होंगे। 3 मार्च, 2026 को आयोजित सांस्कृतिक संध्या की शोभा कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि बढ़ाएंगे । इस संध्या में राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड के चेयरमैन संजय सिंह चौहान वशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और इस शाम का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड नाइट होगी। लमन बैंड, अभिज्ञा बैंड और कुमार साहिल इस दिन स्टार प्रस्तुती देंगे। इस दिन ड्रग्स के खिलाफ दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा। पालमपुर विश्राम गृह से 5.5 किलोमीटर दौड़ के बाद वापस पालमपुर दौड़ का आयोजन होगा। इसके तहत महिला पुरुष वर्ग को 18 से 35, 35 से 50 और 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपए और 1100 रुपए तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। महोत्सव का समापन 4 मार्च को भव्य स्तर पर किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। समापन समारोह में डिजिटल प्रोद्योगिकी एवं नवाचार के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल वशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस चार दिवसीय महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पंजाबी नाईट के नाम रहेगी, जो दर्शकों के मनोरंजन का मुख्य केंद्र होगी।

◆ महोत्सव का समापन 4 मार्च को, डिप्टी सीएम मुकेश होंगे मुख्यतिथि

# सुलह के विकास पर कांग्रेस ने लगाया ब्रेक : विपिन परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस ने सुलह विधानसभा क्षेत्र की योजनाओं की गति धीमी कर दी। परमार के अनुसार, 2017 से 2022 तक पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में क्षेत्र में 148.68 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास हुए। इनमें 37.55 करोड़ की लिफ्ट पेयजल योजना, रोड़ा पंचायत के लिए 1.52 करोड़ की जल जीवन मिशन योजना तथा भोड़ा-ठंडोल के लिए 4.66 करोड़ की योजना शामिल थीं। उन्होंने दावा किया कि करीब 300 करोड़ रुपए सड़कों, पुलों व भवनों पर खर्च हुए और 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेश में एक ठोस उपलब्धि बताने की चुनौती देते हुए कहा कि केवल भाषणों से विकास संभव नहीं।

# ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा में छाए तृप्ता स्कूल के स्टूडेंट्स



32 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल और माता-पिता का नाम किया रोशन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के होनहार विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपना स्थान बनाया है। कक्षा छठी व 9वीं कक्षा के प्रवेश के लिए विद्यालय के 32 बच्चों ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

इस परीक्षा में कक्षा छठी के प्रवेश के लिए अद्विक ठाकुर 256 अंक ,रिआंश चौधरी 227 अंक,रिआंशी ठाकुर 225 अंक ,अक्षित गोरिया 214 अंक, सान्वी 203 अंक प्राप्त किए । कक्षा नवम में प्रवेश के लिए मनप्रीत कौर 300 अंक,कनिका चौधरी 236 अंक,अभिनव कुमार 232 अंक और सुजल चौधरी ने 228 अंक प्राप्त किए। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को मिठाई खिला कर बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि इस उपलब्धि के लिय बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बहुत शुभकामनाएं दी।

विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने कहा कि यह विधालय शिक्षकों और बच्चों के कठिन परिश्रम, लगन और मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा में भी अपना स्थान हासिल किया है अंत में पुनः सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# सीएम के स्थान पर डिप्टी सीएम करेंगे राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले का उद्घाटन

## आज मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया जाएगा उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले सुजानपुर में मुख्यमंत्री नहीं आएंगे, उनके स्थान पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री मेले का उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री के न आने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इससे पहले होली मेला कमेटी द्वारा छपवाए गए निमंत्रण पत्र में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बताया गया था। होली मेले में मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शोभायात्रा, पूजा-अर्चना और प्रदर्शनी उद्घाटन में शामिल होना था। अब उनके स्थान पर चीफ गेस्ट के तौर पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री होंगे। मुख्यमंत्री के न आने से क्षेत्र के लोगों में मायूसी छा गई है। गौरतलब है कि सुजानपुर के विकास के लिए होली मेला एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां पर जो भी विकास के लिए घोषणाएं हुई हैं। वह मेला के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचने वाले विभिन्न मुख्यमंत्रियों द्वारा की गई हैं। क्षेत्रवासियों को इस बार भी उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री सुजानपुर के विकास के लिए कोई नई घोषणा करेंगे, लेकिन अब मुख्यमंत्री के न आने से क्षेत्रवासियों को इस बार मायूस रहना पड़ेगा। सुजानपुर मेला ग्राउंड चौगान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। चौगान के चारों तरफ विद्युत व्यवस्था को भी बेहतर बनाया गया है।

### विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप करेंगे मेले का समापन

**राष्ट्रीय** स्तरीय होली मेले का समापन 4 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष बताओ और मुख्य अतिथि आएंगे। पहली सांस्कृतिक संध्या को मुख्यमंत्री के स्थान पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे। दूसरे दिन कैबिनेट मिनिस्टर राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि होंगे। तीसरे दिन भोरंज के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

### पहले दिन बब्बू मान होंगे मुख्य आकर्षण

**पंजाबी** गायक कलाकार बब्बू मान पहली सांस्कृतिक संध्या में लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा हिमाचल पुलिस का हार्मनी ऑफर द पाइनस अपने गीतों से जनता को लुभाएंगे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक कलाकार मनकीरत औलख दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। तीसरी संध्या में पंजाबी कलाकार सुनंदा शर्मा आकर्षण का केंद्र होगी, जबकि चौथी संध्या में हिमाचली कलाकार कुमार साहिल के अलावा अन्य हिमाचली गायक जनता को गीत गाकर उनका मनोरंजन करेंगे।

### मेले में प्रदर्शनियों का भी करेंगे अवलोकन

**राष्ट्रीय** स्तरीय होली मेले का उद्घाटन रविवार को होगा। मुख्य अतिथि मुकेश अग्निहोत्री मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुजानपुर होली मेले का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाई जाएगी। इसके बाद वह पुरातन झांकियों की पूजा करेंगे। पूजा अर्चना के बाद वह मेला में प्रदर्शनियों का अवलोकन करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय स्तरीय मेला के लिए दुकानदारों का आना जारी है। हिमाचल प्रदेश के अलावा बाहरी राज्यों के दुकानदार यहां पहुंचते हैं।

## सुजानपुर होली को ऐतिहासिक बनाएगा 500 महिलाओं का झमाकड़ा



महिलाओं ने पिछले दो दिन से शहीद कै. मृदुल शर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभ्यास किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव में इस बार ग्रामीण महिलाओं का झमाकड़ा नृत्य आकृषण का केंद्र रहेगा। 2 मार्च को जिलेभर के महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह की 500 महिलाएं 11.30 से 2.30 बजे तक सुजानपुर के चैगान में अपनी प्रस्तुति देंगी।

इस झमाकड़ा नृत्य को लेकर महिलाएं पिछले दो दिन से शहीद कै. मृदुल शर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभ्यास कर रही हैं। इस नृत्य की रिहर्सल डीआरडीए द्वारा करवाई जा रही है। डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया कि इस नृत्य को आयोजित करने का उदेश्य ग्रामीण महिलाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ जोड़ना है। महिलाओं का कहना है कि होली उत्सव में हमीरपुर जिला में यह नई पहल है जिससे पारंपरिक लोक नृत्य को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह पारंपरिक नृत्य महिलाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है जिससे महिलाएं आने वाले समय में लाभदायक सिद्ध होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की टिक्कर खातरियां शाखा ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से टिक्कर बुल्ला पंचायत के डुंगी गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक मोहिंद्र चौहान व अधिकारियों ने बैंकिंग प्रक्रियाएं, ऋण योजनाएं, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा व पेंशन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्यम स्थापित करने के लिए बैंक ऋण व सरकारी योजनाओं में सब्सिडी उपलब्ध है। किसान क्रेडिट कार्ड से दो लाख रुपए तक बिना गारंटी ऋण तथा पांच लाख तक पर अनुदान का प्रावधान है। डिजिटल बैंकिंग और साइबर ठगी से बचाव पर भी जागरूक किया गया।

### 4 मार्च को व्यापारिक प्रतिष्ठान रहेंगे बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** होली पर्व को लेकर जिला व्यापार मंडल हमीरपुर की ओर से समस्त व्यापारियों एवं आमजन को सूचना जारी की है कि 4 मार्च को जिले के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। सभी व्यापारी भाईचारे, उत्साह एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाएंगे। जिला व्यापार मंडल ने समस्त प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी है कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### डीएवी भड़ोली में मनाया विज्ञान दिवस



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में विज्ञान दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निमिष, तासवी एवं अनम अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली भाषण रहे। इसके अलावा क्विज प्रतियोगिता, वैज्ञानिकों पर आधारित रोल प्ले, समूह गीत, स्किट तथा डांस की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। सुरजीत राणा ने कहा कि विज्ञान मानव जीवन को प्रगति की ओर ले जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।

### डीडीएम साईं कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी में विज्ञान दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विषयों पर सुंदर एवं आकर्षक मॉडल तैयार किए तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल बचाओ, डिजिटल तकनीक और स्वच्छता जैसे विषय प्रमुख रहे। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल ने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ओपी भारद्वाज तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बिझड़ी स्कूल में जागरुकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में प्री-प्राइमरी बच्चों की माताओं के लिए विशेष जागरुकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 100 से अधिक माताओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बच्चों को फास्ट फूड व मोबाइल से दूर रखकर पौष्टिक आहार और खेलकूद के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरविंद चौधरी व प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने कहा कि माँ ही बच्चे की प्रथम शिक्षिका है। सरकारी स्कूलों की सुविधाओं की जानकारी देकर अभिभावकों को नामांकन के लिए प्रेरित किया गया।

### भोरंज व्यापार मंडल ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज व्यापार मंडल ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. ललित कालिया को पुनः सेवा विस्तार मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधायक सुरेश कुमार तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल का आभार व्यक्त किया। प्रधान सुभाष ठाकुर ने कहा कि डॉ. कालिया के नेतृत्व में भोरंज क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और मरीजों को बेहतर उपचार मिला है। सेवा विस्तार से स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतरता बनी रहेगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल सदस्यों ने अस्पताल परिसर में मिठाई बांटकर खुशी जताई और सरकार के निर्णय को जनहित में सराहनीय बताया।

### भगवती स्कूल में प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में आज विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है "विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना। जिसमें छठी कक्षा से पुष्टि अवस्थी, अनिका, अनमोल, अर्णव व सातवीं कक्षा से सौम्या दत्त, सृष्टि, आर्यन, अमोनित ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों को विज्ञान प्रयोगशाला में ले जाकर विभिन्न प्रयोग जैसे हृदय, दिमाग, गुर्दा, माइक्रोस्कोप के मॉडल व अम्ल क्षार अनुमापन, अवतल, उत्तल दर्पण दिखाए व उनके बारे में बच्चों को बताया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने कहा कि विज्ञान सिर्फ प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन का अहम हिस्सा है।

### विभिन्न पदों को भरने के लिए मांगे आवेदन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। राज्य चयन आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने बताया कि पंचायतीराज विभाग में जॉब ट्रेनी पंचायत सचिव पोस्ट कोड 26005 के तहत सभी जिलों में 119 पदों के आवेदन मांगे हैं। स्वास्थ्य शिक्षा और अनुसंधान विभाग में मेडिकल सोशल वर्कर रेगुलर बेसिस पोस्ट कोड 26006 के तहत दो पद, फिजिसिएट्रिक पोस्ट कोड 26007 के पांच पद, स्वास्थ्य विभाग में ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट पोस्ट कोड 26008 के 176 पद, रेडियोग्राफर पोस्ट कोड 26009 के 5 पद, स्वास्थ्य शिक्षा और अनुसंधान विभाग में फार्मासिस्ट फार्मेसी ऑफिसर पोस्ट कोड 26010 के 4 पद, स्पीच थैरेपिस्ट पोस्ट कोड 26011 के 3 पद, सीनियर लैबोरेटरी टेक्नीशियन पोस्ट कोड 26012 के 10 पद, ऑडियोमेट्रिक टेक्नीशियन पोस्ट कोड 26013 का एक पद के अलावा प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी विभाग में लीथो आर्टिस्ट पोस्ट कोड 26014 का एक पद भरा जाना है। इसके लिए अभ्यर्थी 4 मार्च से 4 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों की जानकारी आयोग की वेबसाइट से भी ली जा सकती है।

## जनता के सवालों से घबराकर सीएम सुक्खू ने स्थगित किया दौरा: राणा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा होली उत्सव पर सुजानपुर का अपना प्रस्तावित दौरा स्थगित किए जाने को लेकर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने निशाना साधा है। इसे यहां की जनता के साथ धोखा करार दिया है। प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह आभास हो गया था कि यदि वह राष्ट्रीय होली मेले के आगाज पर सुजानपुर पहुंचते तो जनता उनसे अधूरे वादों का हिसाब मांगती, इसलिए विरोध से बचने के लिए उन्होंने अपना दौरा ही स्थगित कर दिया।

राणा ने कहा कि वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री ने होली मेले के शुभारंभ अवसर पर मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना की और बड़े मंच से सुजानपुर की जनता के लिए कई घोषणाएं कीं, लेकिन एक-दो घोषणाओं को छोड़कर शेष सभी वादे आज तक अधूरे पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने छह बड़े वादे किए थे, टौणी देवी में डिग्री कॉलेज खोलने का, सुजानपुर सिविल अस्पताल को 50 से 100 बेड करने का, जल शक्ति एवं विद्युत विभाग का डिवीजन खोलने का, बस अड्डे के निर्माण का, डिग्री कॉलेज में अंग्रेजी व अर्थशास्त्र में एमए कक्षाएं शुरू करने का तथा राष्ट्रीय होली मेले को अंतराष्ट्रीय दर्जा दिलाने का, लेकिन इन पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय मुख्यमंत्री स्वयं को सुजानपुर का मुख्यमंत्री और विधायक बताते थे, किंतु चुनाव के बाद सुजानपुर की ओर मुड़कर भी नहीं देखा। सुजानपुर के विधायक को भी उपेक्षित छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री के सहयोगी गांव-गांव जाकर लोगों को अपने मोबाइल नंबर देकर गए थे और हर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन आज वे नंबर बंद मिल रहे हैं और जनता अपने प्रतिनिधियों को ढूंढ रही है।

## डीसी ने सुजानपुर में लिया होली मेले की तैयारियों का जायजा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने सुजानपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय होली मेले की तैयारियों निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। डीसी ने मेला ग्राउंड, मुख्य बाजार चौक और विशेष रूप से प्रसिद्ध मुरली मनोहर मंदिर का भी दौरा किया, जहां परंपरागत रूप से राधा-कृष्ण के साथ होली खेली जाती है।

उन्होंने सुधार और बदलाव के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा पुलिस टीम की विशेष तैनाती की गई हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की सुविधा, स्वच्छता, पार्किंग, ट्रैफिक कंट्रोल और सुरक्षा के सभी इंतजाम समय रहते सुनिश्चित किए जाएं, ताकि सुजानपुर की ऐतिहासिक होली की गरिमा बनी रहे और आगंतुकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

## सैनिक स्कूल परीक्षा में छाए सनातन ट्यूटोरियल के छात्र

### सामान्य वर्ग में हरिता प्रदेशभर में प्रथम, अकादमी के छह स्टूडेंट्स छाए




सनातन ट्यूटोरियल मैहरे के स्टूडेंट्स ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में किया बेहतरीन प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में स्थापित सनातन ट्यूटोरियल अकादमी मैहरे की छात्रा हरिता ने सामान्य वर्ग में फर्स्ट पोजीशन हासिल कर अकादमी का नाम रोशन किया है। हर साल की भांति इस साल भी ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में सनातन ट्यूटोरियल मैहरे के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। संस्थान की छात्रा हरिता ने हिमाचल प्रदेशभर में सामान्य वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है।

संस्थान के 6 छात्रों राजवीर शौर्य अर्जुन ईशान टेनिस ने 250 से अधिक अंक अर्जित कर अपनी सीट नवोदय के लिए पक्की की है। नवराज कृषभ अनुपम सिद्धांत माण्विक आदर्श और स्वास्तिक ने भी बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया है और 200 से ऊपर अंक अर्जित किए हैं।

यह संस्थान हर वर्ष बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्य कर रहा है। हर वर्ष इस संस्थान के होनहार बच्चे विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करके संस्थान के साथ-साथ बड़सर विधानसभा क्षेत्र का भी नाम रोशन कर रहे हैं। पिछले लगभग 5 वर्षों से सनातन ट्यूटोरियल के लगभग 100 से अधिक बच्चे सैनिक स्कूल नवोदय विद्यालय के साथ-साथ अन्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। सनातन ट्यूटोरियल संस्थान के एमडी अनिल शर्मा ने बच्चों को बधाई। उन्होंने कहा कि सनातन ट्यूटोरियल अकादमी गरीब बच्चों से बहुत कम फीस लेकर उनके भविष्य को भी संभार रही है।

## पहचान स्पेशल स्कूल में विशेष बच्चों का किया मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल में एक दिवसीय अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया। टीम में पीडियाट्रिशियन डॉ. शैंकी, साइकेट्रिस्ट डॉ. नेहा शर्मा, हेल्थ एजुकेटर यशपाल शर्मा तथा काउंसलर रविंद्र कुमार शामिल रहे। उन्होंने अभिभावकों एवं स्पेशल एजुकेटर्स को बच्चों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं जैसे सेंसरी इश्यूज, व्यवहार संबंधी चुनौतियां, दैनिक जीवन कौशल (डेली लिविंग स्किल्स) एवं अन्य विकासात्मक मुद्दों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार नियमित थेरेपी, संतुलित दिनचर्या और सही दिशा में निरंतर कार्य कर बच्चों में सकारात्मक सुधार लाया जा सकता है। शिविर के दौरान डॉक्टरों ने अभिभावकों से व्यक्तिगत (वन-टू-वन) संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। पहचान स्कूल की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने मेडिकल टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## 31 मार्च तक बनाएं हिमकेयर कार्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि हिमकेयर नया कार्ड पंजीकरण साल में सिर्फ मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर महीने में ही होगा और 1 मार्च से लेकर 31 मार्च तक ही नया कार्ड पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी। कार्ड का नवीनीकरण भी 31 मार्च तक करवा सकते हैं। इन कार्डों की वैद्यता 1 साल के लिए होगी। लोकमित्र केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर में नामांकन करने और दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए लाभार्थी से प्रीमियम ( पहली श्रेणी बीपीएल, मनरेगा, रजिस्टर्ड रेहड़ी, फेरी वाले 0 प्रीमियम देकर अपना हिमकेयर कार्ड बनवा सकते हैं। दूसरी श्रेणी एकल नारी , 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग, दैनिक भोगी, संविदा कर्मचारी, अंशकालिक कर्मचारी, आउट्ससोर्स कर्मचारी, 365 रुपए दे कर अपना हिम केयर कार्ड बनवा सकते हैं। तीसरी श्रेणी जो लाभार्थी पहली और दूसरी श्रेणी में नहीं आते हैं और न ही वह सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स या उनके आश्रित परिवार के सदस्य नहीं हैं 1000 रुपए देकर अपना हिम केयर कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लिया जाएगा।

## तकनीकी विवि ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर मेकिंग स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलसचिव अनुपम कुमार ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा ने की। कार्यक्रम के माध्यम से महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन के अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व दिवस पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटाहणी में जाकर विज्ञान एवं ऊर्जा की सामाजिक उपयोगिता से संबंधित कार्यशील मॉडल एवं प्रदर्श प्रस्तुत किए थे। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने तकनीकी विवि के विद्यार्थियों के कौशलपूर्ण ज्ञान, नवाचारपूर्ण अधिगम तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इनमें रंगोली प्रतियोगिता में चार टीमों, क्विज प्रतियोगिता में आठ टीमों तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चार प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके पश्चात कॉन्फ्रेंस हॉल में एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसने विद्यार्थियों के उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान की। इस दौरान तकनीकी विवि के वित्त अधिकारी केके शर्मा, अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक संजीवन मनकोटिया, उप कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, प्राध्यापक डॉ. जेपी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 'घोटाला नहीं, सत्ता की साजिश थी: डॉ. सुमित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आम आदमी पार्टी के पर्यवेक्षक डॉ. सुमित पुन्याल ने भोंरज में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कथित शराब घोटाले के मामले पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकरण को देश के सामने 'सबसे बड़ा भ्रष्टाचार' बताकर प्रस्तुत किया गया था, वही मामला अब न्यायालय की टिप्पणियों के बाद राजनीतिक षड्यंत्र के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बिना ठोस सबूतों के आरोप तय नहीं किए जा सकते। इससे यह साबित होता है कि वर्षों तक जिस कथानक को प्रचारित किया गया, वह कानूनी कसौटी पर टिक नहीं सका। डॉ. पुन्याल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाया गया, मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक पहुंचाई गईं, सस्ती बिजली और मुफ्त पानी जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई तथा पारदर्शी और जवाबदेह शासन का मॉडल प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की नीतियां, शिक्षा सुधार, स्वास्थ्य सुविधा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और जनता केंद्रित विकास, देश में एक नए राजनीतिक मॉडल को स्थापित कर रही थीं, जिससे कुछ राजनीतिक शक्तियां असहज थीं। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों और मीडिया के माध्यम से एकतरफा वातावरण तैयार किया गया और जनहित की राजनीति को बदनाम करने का प्रयास हुआ। 'यह लड़ाई केवल एक पार्टी की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई है।

## टौणी देवी स्कूल में शिक्षा संवाद और विज्ञान प्रदर्शनी लगाई



विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में शिक्षा संवाद एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य रजनीश रांगडा ने कहा कि परीक्षा की तैयारी केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें आत्मविश्वास, नैतिक मूल्य, अनुशासन और जीवन कौशल का समावेश भी आवश्यक है। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर शिल्पा तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता हेम लाल ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास शर्मा ने किया। विज्ञान कार्यशील मॉडल श्रेणी में कक्षा छठी में प्रथम अक्षिता, अनवी द्वितीय ऋतिक, राशिक, कक्षा सातवीं में प्रथम परिणिति, साक्षी, तनु, सेजल, द्वितीय प्रज्ञान, शिवेन कक्षा आठवीं में प्रथम भावना, कनिका द्वितीय समर, क्रान्ति, जबकि कक्षा नवमी में प्रथम आदित्य और द्वितीय शुशांत, यशु रहे। वहीं, विभिन्न श्रेणियों में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक राजेश, रेखा, अजय, रवि, अदिति, नेहा, लीना, कृष्ण, संजीव आदि उपस्थित रहे।

**मीटिंग** जिला हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक आयोजित

## मेडिकल कॉलेज में पर्ची बनाने की करें व्यवस्था

◆ कहा- जिले की सड़कों की हालत खराब, गड्ढों को नहीं भर रहा विभाग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। बैठक में मांगों पर विस्तार से चर्चा के बाद शीघ्र कार्रवाई करने के बारे में सभी जिलाधिकारियों, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन से मामला उठाया जाएगा।

विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को हमीर भवन में जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के सहयोग से मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के बारे में शीघ्र ही निर्णय ले लिया जाएगा।



जिला हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सभी रोगियों को पर्ची आभा कार्ड के माध्यम से बनाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि गांव के कुछ लोगों को जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है, अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतः मेडिकल कॉलेज के अधिकारी अभिलंब इस व्यवस्था को ठीक करने की अनुकंपा करें। जिले की अधिकांश सड़कों में गड्ढे पड़े हुए हैं, जिनकी अभिलंब मरम्मत की आवश्यकता है। अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग हमीरपुर से अनुरोध है कि वह इस बारे में आवश्यक दिशा निर्देश सभी अधिशाषी अभियंताओं को जारी करें। इसके अतिरिक्त हीरा नगर चौक की सड़क काफी खराब हो गई है, जिसकी मरम्मत शीघ्र करवाई जाए। अणु टियाला के पास मुख्य मार्ग पर भी एक बड़ा गड्ढा पड़ा है, जिस बारे में पहले भी अधिकारियों को लिखा गया था कि उसकी भी मरम्मत अति शीघ्र करवाई जाए। इस अवसर पर तेजनाथ तेज, एसके कोड़ा, युद्धवीर पठानिया, हेमराज शर्मा, अशोक सोनी, रणजीत सिंह ठाकुर, ओपी नंदा, जगदीश चंद्र शर्मा, रोशन लाल पटियाल, भागमल गुलरिया, अनिरुद्ध डोगरा, आरसी चांग आदि उपस्थित रहे।

**आपत्तियां** मनुष्यता की कसौटी हैं। इन पर खरा उतरे बिना कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता।

–पंडित रामप्रताप त्रिपाठी

## संपादकीय

# युद्ध की विभीषिका

युद्ध से हमेशा बचना चाहिए, क्योंकि वह किसी भी देश के लिए हितकारी नहीं होता। इतिहास गवाह है कि युद्ध चाहे सीमित हो या व्यापक, उसका परिणाम विनाश, अस्थिरता और मानवीय त्रासदी के रूप में सामने आता है। आधुनिक युग में, जब देशों के पास अत्याधुनिक और परमाणु हथियार मौजूद हैं, युद्ध का खतरा और भी भयावह हो गया है। ऐसे समय में अमेरिका, इसराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। यदि यह संघर्ष और व्यापक हुआ, तो इसके महायुद्ध या विश्व युद्ध में बदलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

ताला घटनाक्रम में अमेरिका और इसराइल द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने क्षेत्रीय संतुलन को हिला दिया है। जवाब में ईरान ने भी इसराइल और मध्य-पूर्व में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संघर्ष केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक दबाव की नीति का हिस्सा है। अमेरिका का तर्क है कि वह ईरान की मिसाइल और परमाणु क्षमताओं से उत्पन्न खतरों को समाप्त करना चाहता है, लेकिन जब किसी संप्रभु राष्ट्र को हथियार डालने की चेतावनी दी जाती है, तो उसके राजनीतिक और नैतिक मायने भी गंभीर हो जाते हैं।

सवाल उठता है कि क्या यह कार्रवाई केवल ईरान को परमाणु समझौते के लिए मजबूर करने की रणनीति है, या फिर इसके पीछे शासन परिवर्तन का व्यापक उद्देश्य छिपा है। अमेरिकी राजनीति में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं, क्योंकि उनके पूर्व कार्यकाल में ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति अपनाई गई थी। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि ईरान की सत्ता संरचना को अस्थिर करना भी रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

इस संघर्ष के व्यापक होने की आशंका इसलिए भी है, क्योंकि ईरान की मध्यम दूरी की मिसाइलें लगभग 2000 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम बताई जाती हैं। इससे इसराइल, खाड़ी देशों और तुर्की तक स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे निशाने पर आ सकते हैं। मध्य-पूर्व में अमेरिका के कई सैन्य ठिकाने हैं, और ईरान सीधे इन पर हमला कर सकता है। यही कारण है कि यह संघर्ष केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रह सकता।

ईरान की युद्ध रणनीति पारंपरिक नहीं है। वह सीधे मोर्चे पर टकराव के बजाय प्रॉक्सी समूहों के माध्यम से बहुस्तरीय दबाव बनाता है। लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हूती और इराक में शिया मिलिशिया जैसे संगठन ईरान के करीबी माने जाते हैं। यदि ये समूह सक्रिय हुए, तो संघर्ष का दायरा और व्यापक हो सकता है। इससे पूरे मध्य-पूर्व में अस्थिरता बढ़ेगी और तेल आपूर्ति जैसी वैश्विक व्यवस्थाएं प्रभावित होंगी।

मध्य-पूर्व के अन्य देश, जैसे सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, भले ही अमेरिका के सहयोगी हों, लेकिन वे भी व्यापक युद्ध नहीं चाहते। उनकी अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है कि संघर्ष सीमित रहे। यदि युद्ध बढ़ता जाता है, तो वे भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। दूसरी ओर, ईरान यदि पूर्ण युद्ध की घोषणा करता है, तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।


वैश्विक स्तर पर भी यह संकट विभाजन की रेखाएं खींच सकता है। अमेरिका के साथ अधिकांश पश्चिमी और यूरोपीय देश खड़े हो सकते हैं, जबकि ईरान को रूस और चीन जैसे देशों का कूटनीतिक समर्थन मिल सकता है। हालांकि प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप की संभावना कम है, क्योंकि आज के समय में कोई भी देश वैश्विक युद्ध का जोखिम नहीं लेना चाहता। आर्थिक परस्पर निर्भरता इतनी गहरी है कि युद्ध से विश्व अर्थव्यवस्था डगमगा सकती है। इस पूरे परिदृश्य में भारत की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। भारत के मध्य-पूर्व से गहरे आर्थिक और रणनीतिक संबंध हैं। लाखों भारतीय वहां कार्यरत हैं और तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। ऐसे में भारत को अत्यंत संतुलित और सावधानीपूर्ण नीति अपनानी होगी। किसी भी पक्ष में खुलकर खड़े होने के बजाय भारत को कूटनीतिक संवाद, शांति प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### बिहार के मुख्यमंत्री

**नीतीश कुमार** (जन्म : 1 मार्च 1951, बख्तियारपुर, पटना) एक प्रमुख भारतीय राजनीतिज्ञ और बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। वे जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता हैं और अपनी सादगी, ईमानदारी तथा सुशासन की छवि के लिए जाने जाते हैं। उन्हें बिहार की जनता के बीच 'सुशासन बाबू' के नाम से भी पहचान मिली है।



नीतीश कुमार
जन्म : 1 मार्च, 1951

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने राजनीति को अपना करियर चुना। उनका राजनीतिक सफर 1970 के दशक में जनता पार्टी से शुरू हुआ। 1977 और 1980 के विधानसभा चुनावों में हार का सामना करने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। 1985 में वे पहली बार बिहार विधानसभा के लिए चुने गए। 1987 में युवा लोकदल के अध्यक्ष बने और 1989 में जनता दल के प्रदेश सचिव नियुक्त हुए। उसी वर्ष वे पहली बार लोकसभा सांसद बने और केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री का दायित्व संभाला।

बाद में उन्होंने समता पार्टी के माध्यम से अपनी राजनीतिक पहचान मजबूत की। वे केंद्र में रेल मंत्री भी रहे। 1999 में गैसल रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दिया, जिससे उनकी छवि और मजबूत हुई। 2000 में वे पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने, हालांकि उनका कार्यकाल केवल सात दिन चला। नवंबर 2005 में वे पुनः मुख्यमंत्री बने और राज्य में विकास एवं कानून-व्यवस्था सुधार के लिए कई कदम उठाए। 2010 में उन्हें दोबारा जनसमर्थन मिला। राजनीतिक परिस्थितियों के कारण उन्होंने 2014 में इस्तीफा दिया, लेकिन बाद में फिर सत्ता में लौटे। नीतीश कुमार का राजनीतिक जीवन संघर्ष, धैर्य और सिद्धांतों पर आधारित रहा है। उनकी कार्यशैली और प्रशासनिक सुधारों ने उन्हें बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। ■



कविता

## आज का इंसान

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

**साहब** ने हाथ से कलम छीन लिया।
पढ़ने-लिखने का हुनर छीन लिया।
दोस्तों के साथ बैठने का समय छीन लिया
जाति का अहम था, न धर्म का वहम था।
साहब ने यूजीसी का नया नियम बना दिया।
दोस्तों को एक टेबल से अलग करा दिया।
खाने की मेज पर बैठे पंडित व अहीर शब्द।
कानून से लड़ा दिया, वोट के लिए बांट दिया।
चले थे समाज जातिविहिन बनाने।
अब समाज को को ही जातियों से लड़ा दिया।
साहब ने गजब राजनीति का पासा फेंका।
देश में जाति का आग लगा दिया।
यूजीसी कानून एसी/एसटी से बड़ा बना दिया।
मत जाओ कॉलेज अब बस नारा लगाओ।
पढ़ने-लिखने का हुनर भूल जाओ।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता और सार्वजनिक जल प्रबंधन की चुनौती

भारत में बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता केवल उपभोक्ता व्यवहार में आए बदलाव की कहानी नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक जल प्रशासन में व्याप्त गहरी और बहुस्तरीय प्रणालीगत समस्याओं की ओर भी स्पष्ट संकेत करती है। कभी जो नल का पानी नागरिकों के लिए बुनियादी अधिकार और राज्य की जिम्मेदारी माना जाता था, वही आज अविश्वास, असुरक्षा और असमानता का प्रतीक बनता जा रहा है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

शहरों से लेकर कस्बों और यहां तक कि ग्रामीण इलाकों में भी लोग पीने के लिए प्लास्टिक की बोतलों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक शासन की अवधारणा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

आधुनिक भारत में जल संकट को अक्सर वर्षा की कमी, जलवायु परिवर्तन या बढ़ती जनसंख्या से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि ये सभी कारक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन बोतलबंद पानी की लोकप्रियता का मूल कारण इनसे कहीं अधिक गहरा है। असल समस्या यह है कि नागरिकों का भरोसा सार्वजनिक जल आपूर्ति प्रणालियों से लगातार टूटता जा रहा है। नलों से आने वाले पानी की गुणवत्ता पर संदेह, नियमित आपूर्ति का अभाव, और पारदर्शिता की कमी ने लोगों को वैकल्पिक स्रोतों की ओर धकेल दिया है। जब राज्य अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल होता है, तब बाजार उस खाली स्थान को भर देता है- अक्सर मुनाफे की शर्तों पर। शहरी भारत में बोतलबंद पानी का उपयोग तेजी से बढ़ा है। महानगरों में तो यह लगभग जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और यहां तक कि सरकारी दफ्तरों में भी बड़े जार और बोतलें आम दृश्य हैं। यह स्थिति विडंबनापूर्ण है, क्योंकि इन्हीं शहरों में सबसे विकसित जल अवसंरचना होने का दावा किया जाता है।

यदि इतनी सुविधाओं के बावजूद नागरिक सुरक्षित नल का पानी नहीं पी सकते, तो यह प्रशासनिक विफलता का सीधा प्रमाण है। पाइपलाइन की जर्जर हालत, सीवेज और पेयजल लाइनों का आपस में मिलना, तथा नियमित परीक्षण की कमी-ये सभी समस्याएं वर्षों से ज्ञात हैं, लेकिन समाधान आधे-अधूरे ही रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग होते हुए भी उतनी ही चिंताजनक है। वहां बोतलबंद




पानी का उपयोग अपेक्षाकृत कम है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रामीण बाजारों तक निजी कंपनियों की पहुंच बढ़ रही है, यह निर्भरता वहां भी बढ़ने लगी है।

कई इलाकों में भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक या आयरन की अधिकता के कारण लोग स्थानीय जल स्रोतों से डरने लगे हैं। राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए सामुदायिक नल या हैंडपंप अक्सर या तो खराब रहते हैं या फिर उनका पानी पीने योग्य नहीं होता। ऐसे में जिनके पास आर्थिक क्षमता है, वे बोतलबंद पानी खरीद लेते हैं, जबकि गरीब तबके दूषित पानी पीने को मजबूर रहते हैं। यह स्थिति जल के क्षेत्र में गहरी असमानता को जन्म देती है।बोतलबंद पानी उद्योग का विस्तार अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। एक ओर यह उद्योग 'शुद्धता' और 'सुरक्षा' का वादा करता है, वहीं दूसरी ओर इसके नियमन में गंभीर खामियां हैं।

कई बार यह पाया गया है कि बाजार में उपलब्ध बोतलबंद पानी भी गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। इसके बावजूद उपभोक्ता इसे नल के पानी से अधिक सुरक्षित मानते हैं।

यह धारणा स्वयं में सार्वजनिक जल संस्थानों की साख पर सवाल है। यदि राज्य द्वारा प्रमाणित और नियंत्रित जल आपूर्ति प्रणाली पर नागरिक भरोसा नहीं करते, तो यह लोकतांत्रिक शासन की विश्वसनीयता के लिए भी खतरे की घंटी है। पर्यावरणीय दृष्टि से बोतलबंद पानी पर निर्भरता अत्यंत विनाशकारी है। प्लास्टिक की बोतलें कचरे के पहाड़ में बदल रही हैं। पुनर्चक्रण की दर बेहद कम है और अधिकांश प्लास्टिक अंततः नदियों, झीलों और समुद्रों में पहुंच जाता है।

इसके अलावा, बोतलबंद पानी के उत्पादन में भी भारी मात्रा में जल और ऊर्जा की खपत होती है। यानी जिस संसाधन की कमी की बात की जा रही है, उसी का अत्यधिक दोहन करके एक कृत्रिम समाधान प्रस्तुत किया जा रहा है। नीति निर्माताओं की अल्पकालिक सोच सार्वजनिक जल प्रबंधन में स्पष्ट दिखाई देती है।

रोजमर्रा की जल आपूर्ति पर कम ध्यान दिया जाता है, जबकि बड़े बांध या स्मार्ट शहर जैसी योजनाओं पर जोर होता है। निजीकरण के कारण बोतलबंद पानी केवल भुगतान करने वालों के लिए उपलब्ध हो रहा है, जिससे सामाजिक असमानता बढ़ती है और प्रशासनिक जवाबदेही कम होती है।

समाधान के लिए नल के पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, जल अवसंरचना में निवेश करना और पारदर्शी शिकायत निवारण व्यवस्था बनाना आवश्यक है। साथ ही, जन-जागरूकता बढ़ाकर लोगों को समझाना होगा कि बोतलबंद पानी दीर्घकालिक समाधान नहीं है। केवल तभी जल को सार्वजनिक भलाई और समानता के दायरे में सुरक्षित रखा जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिक्षा के मंदिरों में 'सामाजिक प्रदूषण' : मनोरंजन या नैतिक पतन?

हिमाचल प्रदेश की पावन देवभूमि, जिसे अपनी समृद्ध संस्कृति और उच्च नैतिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, आज वहां के शिक्षा के मंदिरों से आती कुछ तस्वीरें और खबरें मन को झकझोर देने वाली हैं।



मनीष कुमार 'निष्पक्ष'
स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्कूल केवल ईंट-पत्थरों से बनी इमारतें नहीं होतीं, बल्कि वे एक ऐसे संस्कार केंद्र होते हैं जहां राष्ट्र के भविष्य की नींव रखी जाती है, किंतु दुर्भाग्यवश, हाल के वर्षों में हिमाचल के उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में होने वाले विदाई समारोहों का स्वरूप जिस प्रकार बदला है, वह अत्यंत चिंताजनक और गंभीर चिंतन का विषय है।

यह परंपरा नई नहीं, बल्कि लंबे अरसे से यूं ही दसवीं और बारहवीं के छात्रों को कनिष्ठ कक्षाओं द्वारा भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ विदा किया जाता रहा है। विदाई समारोह, जो कभी गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान और भविष्य की शुभकामनाओं का प्रतीक हुआ करता था, अब वह डीजे के शोर, अभद्र भाषा और अश्लील गानों की भेंट चढ़ता जा रहा है। स्थानीय स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति में बजते फूहड़ गाने और उन पर छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों का थिरकना इस बात का प्रमाण है कि अनुशासन और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा धुंधली पड़ती जा रही है।

हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित हुए कुछ वीडियो मुझ तक पहुंचे , जिनमें कहीं छात्र खुलेआम अश्लील , अनैतिक तो कहीं जातिसूचक गानों पर नृत्य कर रहे हैं, हमारी सामाजिक चेतना की गिरावट को दर्शाते हैं। एक ओर जहां हम 21वीं सदी के आधुनिक भारत की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे युवा ऐसा करके संकीर्ण मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। दुःख तब होता है जब भविष्य के रचयिता हमारे शिक्षक भी मूकदर्शक बनकर ऐसे कार्य, मों का आनंद ले रहे होते हैं।

इस विषय में मैंने अपने गुरुजी से विस्तार से चर्चा की, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं




किंतु आज भी एक बेहतरीन और दूरदर्शी शिक्षाविद् हैं ,तो उन्होंने इन घटनाओं के बारे में बताया, तो उन्होंने इसे न केवल दुखद बताया बल्कि बेहद खतरनाक भी करार दिया।

उन्होंने बहुत ही मार्मिक शब्द का प्रयोग करते हुए इसे 'सामाजिक प्रदूषण' की संज्ञा दी। वास्तव में, यह प्रदूषण हवा या पानी के प्रदूषण जितना ही घातक है, क्योंकि यह नई पीढ़ी के मानस को विषाक्त कर रहा है। यदि शिक्षा के केंद्र में ही बच्चों को जातिवाद और अश्लीलता का पाठ पढ़ाया जाएगा या ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा तो वह समाज के लिए किसी भी दृष्टिकोण से हितकारी नहीं हो सकता।

हमें यह मौलिक सत्य समझने की परम आवश्यकता है कि किसी विशेष जाति, कुल या धर्म में जन्म लेना पूरी तरह से एक 'बाय चांस' (संयोग) की बात है। यह हमारी 'चॉइस' (पसंद) या पुरुषार्थ नहीं है। जिस पहचान को हमने जन्म या संयोग से प्राप्त किया है, उस पर गर्व करना बुद्धिमानी का लक्षण नहीं है। असली प्रतिष्ठा व्यक्ति के चरित्र, शिक्षा और समाज सेवा से बनती है। जाति या वर्ग के नाम पर श्रेष्ठता दिखाना पिछड़ेपन का संकेत है और समाज में समानता की लड़ाई कर रहे लोगों का अपमान है। आज स्कूलों में बढ़ती अश्लीलता और फूहड़ गाने भी युवाओं के मानसिक विकास को प्रभावित कर रहे हैं।

शिक्षा का मूल उद्देश्य दूसरों की गरिमा का सम्मान करना सिखाना है। यदि अश्लीलता और अभद्रता को मनोरंजन मान लिया जाए, तो समाज की नींव खोखली हो जाएगी। स्कूल प्रशासन को इस दिशा में कड़े कदम उठाने चाहिए। समारोहों में बजने वाले गीतों की सूची पहले से परिष्कृत और मर्यादित होनी चाहिए।

शिक्षक समाज के मार्गदर्शक हैं; यदि वे स्वयं इन कुरीतियों में शामिल होंगे, तो छात्रों को नैतिक शिक्षा देने का अधिकार खो देंगे। हिमाचल के शांत और संस्कारित वातावरण को 'सांस्कृतिक और सामाजिक प्रदूषण' से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्कूलों का माहौल ऐसा होना चाहिए कि हर छात्र सम्मानित और सुरक्षित महसूस करे। शिक्षा का उद्देश्य संकीर्णताओं से मुक्त करना और शालीनता के साथ उल्लास मनाना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सरकारी शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियां और सुधार की आवश्यकता

शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की आधारशिला होती है। ऐसे में शिक्षा मंदिरों पर ताला लगाना किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। सरकारी स्कूलों में लगातार घटती छात्र संख्या पर गंभीर चिंतन करने के बजाय स्कूलों को बंद करना कई प्रश्न खड़े करता है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक,नूरपुर (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

दशकों से संचालित इन विद्यालयों से स्थानीय लोगों की भावनाएं जुड़ी होती हैं। इन स्कूलों से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थियों ने जीवन में ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं। ऐसे संस्थानों पर तालाबंदी का निर्णय स्वाभाविक रूप से जनभावनाओं को आहत करता है।

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा स्तर को लेकर सकारात्मक चर्चाएं भी सामने आती रही हैं। शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश को उच्च स्थान मिलने की खबरें उत्साहजनक हैं। कुछ सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं, परंतु साथ ही शिक्षकों के बड़े पैमाने पर तबादले, नई नीतियों और संभावित परीक्षाओं की चर्चाओं ने शिक्षकों को चिंतित कर दिया है।

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केवल प्रशासनिक आदेश पर्याप्त नहीं होते, बल्कि आधारभूत सुविधाओं और पर्याप्त स्टाफ की भी आवश्यकता होती है। कई विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

कोरोनाकाल में ऑनलाइन शिक्षा ने छात्रों को तकनीक से जोड़ा, परंतु इसके दुष्प्रभाव भी सामने आए। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की लत ने विद्यार्थियों की एकाग्रता और अध्ययन रुचि को प्रभावित किया है। दूसरी ओर, रोजगार के सीमित अवसरों ने युवाओं के मन में निराशा को जन्म दिया है। सरकारी



विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति न होने और अस्थायी नियुक्तियों की प्रवृत्ति ने युवाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ाई है। कम मानदेय पर कार्यरत कर्मचारियों का दीर्घकालिक शोषण भी व्यवस्था की कमजोरी को दर्शाता है।

सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या के विपरीत निजी स्कूलों की स्थिति मजबूत होती जा रही है। निजी संस्थानों के अपने नियम और शुल्क संरचनाएं अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डालती हैं। सरकारी स्कूलों की साख कम होने से अभिभावक मजबूरी में निजी स्कूलों का रुख करते हैं। चिंताजनक तथ्य यह भी है कि अनेक शिक्षक स्वयं अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में नहीं पढ़ाते, जिससे आम जनता में अविश्वास की भावना पैदा होती है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है, बल्कि जागरूक, जिम्मेदार और नैतिक नागरिक तैयार करना भी है।

जब शिक्षित युवा बेरोजगारी, असुरक्षा और निराशा से घिर जाता है, तो उसका आत्मविश्वास कमजोर पड़ता है और समाज में असंतोष, अपराध तथा अन्य सामाजिक समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सरकार शिक्षा और रोजगार नीतियों के बीच संतुलन स्थापित करे। शिक्षा को व्यावहारिक, कौशल आधारित और समय की मांग के अनुरूप बनाया जाए, ताकि विद्यार्थी आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही सरकारी व्यय में पारदर्शिता और फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखते हुए आय के नए स्रोत विकसित करना भी जरूरी है।

केवल विद्यालयों को बंद करना समस्या का समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुविधाएं, पर्याप्त शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों और अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि वे इन संस्थानों की साख बनाए रखने में सर्, य भूमिका निभाएं। मजबूत शिक्षा व्यवस्था ही आत्मविश्वासी और ऊर्जावान युवा पीढ़ी का निर्माण कर सकती है, जो राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# होली रंगों, उमंग, परंपरा और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत पर्व

बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। यह ऋतु प्रकृति में नवचेतना, स्फूर्ति और आनंद का संचार करती है। पेड़-पौधों पर नई कोपलें फूटती हैं, खेतों में सरसों की पीली चादर लहराती है और वातावरण सुगंधित पुष्पों से महक उठता है।



डॉ. कमल के 'प्यासा'
लोअर समखेतर, मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी मनोहर ऋतु में मनाया जाने वाला प्रमुख और लोकप्रिय त्योहार है होली। यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा को पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। होली को रंगों का त्योहार कहा जाता है, क्योंकि इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग, गुलाल और अबीर लगाकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। यह त्योहार केवल रंग खेलने तक सीमित नहीं है, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। होली का आरंभ होलिका दहन से होता है। पूर्णिमा की रात्रि को लोग लकड़ियां और उपले इकट्ठा करके अग्नि प्रज्वलित करते हैं। यह अग्नि बुराई के अंत और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। पौराणिक कथा के अनुसार भक्त प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप स्वयं को भगवान मानते थे और चाहते थे कि सभी उनकी पूजा करें। जब प्रह्लाद ने उनकी बात नहीं मानी और विष्णु भक्ति में लीन रहे, तो हिरण्यकश्यप ने उन्हें कई कष्ट दिए। अंततः उसने अपनी बहन होलिका के साथ मिलकर प्रह्लाद को अग्नि में जलाने की योजना बनाई, किंतु ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका अग्नि में जलकर भस्म हो गई।

इस घटना की स्मृति में आज भी होलिका दहन किया जाता है।

होली के दिन रंग खेलने की परंपरा है। लोग सुबह से ही एक-दूसरे के घर जाकर रंग लगाते हैं और गले मिलते हैं। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य और गीत गाए जाते हैं। पारंपरिक पकवान जैसे गुजिया, मालपुआ, दही-बड़े और




ठंडाई इस पर्व की शोभा बढ़ाते हैं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस त्योहार में समान रूप से भाग लेते हैं।

रंगों के संदर्भ में यह आवश्यक है कि हम प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का उपयोग करें। पहले के समय में टेसू के फूल, हल्दी, चंदन और अन्य वनस्पतियों से रंग तैयार किए जाते थे, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते थे। आजकल बाजार में मिलने वाले कई रासायनिक रंग त्वचा और आंखों के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए हमें पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए हर्बल और प्राकृतिक रंगों को प्राथमिकता देनी चाहिए। पेंट, मोबिल ऑयल, कालिख या अन्य हानिकारक पदार्थों का प्रयोग करना अनुचित है और इससे बचना चाहिए।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में होली अलग-अलग रूपों में मनाई जाती है। कहीं लठमार होली प्रसिद्ध है, तो कहीं फूलों की होली। कई स्थानों पर मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह विविधता भारतीय संस्कृति की समृद्धि को दर्शाती है। विदेशों में बसे भारतीय भी बड़े उत्साह से इस पर्व को मनाते हैं, जिससे भारतीय परंपराओं की पहचान विश्वभर में बनी रहती है। होली का संदेश है-एकता, प्रेम और सद्भाव। यह त्योहार हमें सिखाता है कि हमें अपने मन के द्वेष, ईर्ष्या और कटुता को त्यागकर एक-दूसरे को अपनाना चाहिए। जब हम सभी भेदभाव भुलाकर एक ही रंग में रंग जाते हैं, तभी इस पर्व की सार्थकता सिद्ध होती है। होली वास्तव में जीवन को रंगीन बनाने और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का पावन अवसर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जान से मारने की दी धमकी, 3 पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हरनोड़ा पंचायत के पाटी गांव में एक परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाटी गांव निवासी मनोज कुमार गौतम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी को सुबह उनके पड़ोसी दीपक कुमार अपने माता-पिता के साथ उनके घर पहुंचे। आरोप है कि वे बंदूक और दराट लेकर आए व घर के बाहर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने उन्हें व उनके परिवार को गोली मारने व गर्दन काटने की धमकियां दीं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### 12 मेधावी विद्यार्थियों को मिले ई-रूपी वाउचर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड जसवां में शिक्षा एवं डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीनिवास रामानुजन छात्र डिजिटल योजना के तहत 12 मेधावी विद्यार्थियों को 16-16 हजार रुपये के ई-रूपी वाउचर वितरित किए गए, जिससे वे लैपटॉप या टैबलेट खरीद सकेंगे। प्रधानाचार्या सपना ठाकुर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए डिजिटल संसाधनों का सकारात्मक उपयोग करने का संदेश दिया। शिक्षा संवाद में अभिभावकों और शिक्षकों ने भी भाग लेकर शिक्षा की गुणवत्ता व डिजिटल शिक्षण पर विचार साझा किए। विद्यालय प्रशासन ने सुव्यवस्थित ढंग से वाउचर वितरण प्रक्रिया पूर्ण की।

### लालशाह में ट्रांसफॉर्मर अपग्रेड, ग्रामीण खुश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** लालशाह गांव (ग्राम पंचायत खरयालता, तहसील जोल) में लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान हो गया है। विभाग ने 25 केवी ट्रांसफॉर्मर को अपग्रेड कर 63 केवी का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया। पहले अधिक लोड के कारण लो-वोल्टेज और बार-बार कटौती से किसान व विद्यार्थी परेशान थे। शिकायतों के बाद अब वोल्टेज में सुधार आया है और बिजली आपूर्ति सुचारू हुई है। पूर्व प्रधान राकेश धीमान व अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जनहित के कार्य इसी तरह जारी रहेंगे।

### पंचायत चुनाव के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्वाचन सामग्री की आपूर्ति के लिए पात्र एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि इच्छुक आपूर्तिकर्ता 18 मार्च सुबह 11 बजे तक अपनी निविदाएं जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं, जिन्हें उसी दिन दोपहर 3 बजे समिति द्वारा खोला जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के लिए विभिन्न प्रकार की मेटल सील, नोटा स्टांप, मतपेटी सीलिंग बैग व अन्य सामग्री की आवश्यकता है। निविदा प्रपत्र 500 रुपए शुल्क देकर कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अमृतसर यात्रा के लिए सक्षम बच्चों का दल रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने अंतरपीढ़ी समन्वय कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से सक्षम बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के दल को दो दिवसीय अमृतसर यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दल वाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर और जलियांवाला बाग का भ्रमण करेगा। यात्रा में 'अपना घर' देओली के 14 वरिष्ठ नागरिक और 7 स्टाफ तथा 'नया सवेरा' नसवाल के 15 विशेष बच्चे और 6 स्टाफ शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि विशेष बच्चे और वरिष्ठ नागरिक समाज के अहम अंग हैं और उन्हें समान भागीदारी मिलनी चाहिए। जिला कल्याण अधिकारी आर.सी. बंसल और रेडक्रॉस सचिव अमित कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### भंजाल में नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भंजाल में शनिवार को 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमलेहड़ की डॉ. श्रेया ठाकुर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय बताए। इसके अलावा किशोरावस्था में होने वाली बीमारियों, उनके लक्षण और बचाव के तरीके साझा किए। कार्यक्रम में सामान्य स्वास्थ्य, स्वच्छता और नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय प्रिंसिपल राजन शर्मा व स्टाफ ने डॉ. श्रेया ठाकुर को सम्मानित किया।

### दो मिनट अतिरिक्त ठहराव करेंगी पैसेंजर ट्रेनें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उत्तर रेलवे और अंबाला मंडल द्वारा जारी आदेशानुसार राष्ट्रीय पर्व होला मोहल्ला में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ज़िला ऊना के अंब अंदौरा और दौलतपुर चौक तक आवागमन करने वाली सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर रेलगाड़ियों का 7 मार्च तक आनंदपुर साहिब स्टेशन पर दो मिनट अतिरिक्त ठहराव रहेगा। इसमें हिमाचल एक्सप्रेस, जन शताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेनें शामिल हैं। युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने अंबाला मंडल के अधिकारियों से उठाई थी अतिरिक्त ठहराव की मांग, अब मांग पूरी होने पर आभार जताया।

### मछली के दाम कम करने पर उत्पादकों में रोष

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** मत्स्य उत्पादकों और मत्स्य संघ के बीच विवाद गहरा गया है। उत्पादकों का आरोप है कि इस वर्ष फिश फेडरेशन ने मछली के दाम पिछले साल की तुलना में 25 रुपए प्रति किलो कम कर दिए हैं। इसके अलावा नई मत्स्य संघ द्वारा 10 हजार रुपये शेयर पूंजी की मांग भी विवाद का कारण बनी है। पुरानी फेडरेशन पर भी बकाया राशि और प्लांट बिक्री का पारदर्शी हिसाब न देने के आरोप लगे हैं। आज लगभग 11 बजे झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल से पांच मत्स्य सभाओं के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे मामले को संबंधित विभाग और सरकार के समक्ष उठाएंगे।

### बीटन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सुमीक्षा गुप्ता ने खेलों का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्षता का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विजेताओं को प्राचार्या द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रिचा शर्मा ने किया, जबकि संयोजक डॉ. उमा रानी ने सभी प्राध्यापकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### जश्नप्रीत मिस्टर व पलक बनीं मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में बारहवीं के छात्रों के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह में वरिष्ठ छात्रों को मनोरंजक टाइटल दिए गए और स्टेज पर डांस, दंड बैठक, गुब्बारा फुलाना व अपनी हॉबी के अनुसार गतिविधियां करवाई गईं। सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों को शुभ आशीष दिया। प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने कहा कि स्कूल केवल शिक्षा संस्थान नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की फैक्ट्री हैं, जहां बच्चे अनुशासन, सत्य, करुणा और संवेदनशीलता जैसे मूल्य सीखते हैं। समारोह में जश्नप्रीत को मिस्टर फेयरवेल और पलक को मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया।

### नौकरी के नाम पर ठगी, फीस रिफंड की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक कल्याण व विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष और एक्स-सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर के अध्यक्ष वेटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया और परीक्षा फीस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लाखों अभ्यर्थियों से फीस ली जाती है, जबकि चयनित पद बहुत कम हैं। यदि सरकार नौकरी उपलब्ध नहीं करवा सकती तो अभ्यर्थियों से ली गई फीस को रिफंड क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने इसे अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं से पैसा लेने का तरीका बताया। बालक राम शर्मा ने यह भी सवाल किया कि क्या सरकार छात्रों की फीस से अपना खर्च चला रही है। उनका कहना है कि यदि नौकरी नहीं तो फीस रिफंड की मांग पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

### भाषण प्रतियोगिता में मनीष गौतम अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गवर्नमेंट कॉलेज बिलासपुर में शनिवार को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया। प्रतियोगिता में '50 वर्ष की आपातकाल: भारतीय लोकतंत्र के सबक' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में मनीष गौतम प्रथम, साहिल शर्मा द्वितीय, शालिनी ठाकुर तृतीय, तृप्ता देवी चतुर्थ व चित्रलेखा पंचम स्थान पर रहीं। ये पांचों प्रतिभागी 6 मार्च को शिमला में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता 6 मार्च को शिमला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस. कटवाल ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

# बिलासपुर गोलीकांड: फरार चौथे शूटर को अदालत ने पुलिस कस्टडी में भेजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में 14 मार्च, 2025 को पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस सनसनीखेज गोलीकांड के फरार चौथे शूटर अमन @ काकु को जिला पुलिस ने रोहतक (हरियाणा) से प्रोडक्शन वारंट पर बिलासपुर लाकर अदालत में पेश किया, जहां से उसकी कस्टडी मुकदमा नंबर 58/25 में स्थानांतरित करने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 14-03-2025 को जिला बिलासपुर में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं थीं। इस संबंध में थाना सदर में मुकदमा नंबर 58/25 दर्ज किया गया था। तफ्तीश के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कुल चार शूटरों ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन



बिलासपुर पुलिस की हिरासत में शूटर अमन। अनंत ज्ञान

शूटरों सहित पांच अन्य सहयोगियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि चौथा शूटर अमन कुमार घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस टीमों ने उसकी तलाश में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली समेत कई राज्यों में दबिश दी। इसी बीच 20 जनवरी 2026 को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ टीम ने अमन को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध हरियाणा में भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। आरोपी की पहचान अमन उर्फ काकु पुत्र अशोक कुमार, निवासी गांव व डाकघर रटोली, तहसील व जिला रोहतक (हरियाणा), उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। जिला बिलासपुर पुलिस ने उसे रोहतक से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर आज 28 फरवरी को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को उक्त मुकदमे में पुलिस कस्टडी में देने के आदेश पारित किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी से पूछताछ के दौरान हमले की साजिश, फंडिंग और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद है। मामले की तफ्तीश जारी है और पुलिस पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है।

> हमने आरोपी की कस्टडी ट्रांसफर करवा ली है। अभी उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जिससे जेल में शिनाख्त परेड करवाई जा सके। पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही पुलिस रिमांड लेकर आगे की पूछताछ की जाएगी।
>
> -शिव चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ की नारेबाजी



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेता डॉ. सुमित पुन्याल ने कथित शराब घोटाले को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस मामले को देश के सामने 'सबसे बड़ा भ्रष्टाचार' बताकर पेश किया गया, वही अब न्यायालय की टिप्पणी के बाद कानूनी कसौटी पर कमजोर साबित हुआ है।

डॉ. पुन्याल ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिक्षा सुधार के लिए चर्चित मनीष सिसोदिया को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उन्होंने सरकारी स्कूलों को विश्वस्तरीय बनाया, मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों तक पहुंचाईं और सस्ती बिजली व मुफ्त पानी जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले आरोप गढ़े गए, फिर जांच एजेंसियों का सहारा लिया गया और मीडिया ट्रायल चलाकर जनहित की राजनीति को बदनाम करने की कोशिश की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई थी या सत्ता हासिल करने की रणनीति। डॉ. पुन्याल ने कहा कि बिना प्रमाण के आरोप लगाना आसान है, लेकिन सत्य को पराजित नहीं किया जा सकता।

# बंगाणा-लखरूंह से चराडा सड़क बदहाल, 15 दिन में सुधार न हुआ तो करेंगे भूख हड़ताल: वीरेंद्र कंवर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा-शांतला-नादौन सड़क के लखरूंह से चराडा तक करीब साढ़े चार किलोमीटर हिस्से की जर्जर हालत पर कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को उन्होंने लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) मंडल बंगाणा को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर सड़क सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो वह विभागीय कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

उन्होंने कहा कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ा डामर और धंसी सतह के कारण स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बरसात में सड़क दलदल बन जाती है, जबकि सूखे में धूल और गड्ढों से हादसों का खतरा बना रहता है। कंवर ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के समय ही गुणवत्ता पर सवाल उठे थे और निर्माण के साथ ही सड़क उखड़ने लगी थी। उन्होंने विभाग से पूछा कि इसके लिए



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण। अनंत ज्ञान

जिम्मेदार अधिकारी हैं या ठेकेदार, और गुणवत्ता जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि पूर्व सरकार के दौरान क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया था और बंगाणा-शांतला-कामलू सड़क के लिए नाबार्ड से करीब 18 करोड़ रुपये स्वीकृत करवाए गए थे। उन्होंने बंगाणा-तूतडू सड़क का कार्य शुरू न होने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनता को दिखावटी योजनाएं नहीं, बल्कि जमीनी विकास चाहिए। यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित में आंदोलन तेज किया जाएगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय ह्यूमन राईट युवा विंग के प्रदेश के चेयरमैन एवं राज्य भाजयुमो सदस्य अजय ठाकुर मदन राणा, मास्टर रमेश शर्मा, राकेश शर्मा रविन्द्र विंदू, राकेश शर्मा, मदन गोपाल, सुरेन्द्र हटली, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, शमशेर सिंह के अलावा दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।

### बंगाणा-तूतडू सड़क पर सफर जानलेवा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल क्षेत्र की बंगाणा-तूतडू सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह उखड़ा डामर, गहरे गड्ढे और टूटी किनारियों के कारण यह मार्ग वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब ढाई वर्षों से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की कोई ठोस मरम्मत नहीं की गई, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सफर दुष्कर हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। खराब सड़क के कारण वाहनों के टायर, सस्पेंशन और अन्य पुर्जे बार-बार खराब हो रहे हैं। यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी रास्ते से श्रद्धालु बाबा बालक नाथ, ज्वाला जी और चिंतपूर्णी मंदिर सहित अन्य तीर्थस्थलों तक पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत करने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

### सूर्यांश ने सैनिक स्कूल परीक्षा में रचा कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में बडोआ गांव के सूर्यांश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। पांचवीं कक्षा के छात्र सूर्यांश ने 300 में से 229 अंक प्राप्त किए। भाषा में 50 में से 40, गणित में 150 में से 129, बुद्धिमत्ता परीक्षण में 50 में से 34 और सामान्य ज्ञान में 50 में से 26 अंक अर्जित किए। माता नीलम कुमारी और पिता अश्वनी कुमार के सुपुत्र ने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। निर्धारित न्यूनतम मानकों से अधिक अंक प्राप्त कर सूर्यांश ने अपनी प्रतिभा साबित की। क्षेत्रवासियों ने उनकी मेहनत की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, अंब।** अम्ब के तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में शनिवार को एक दिवसीय इंटरजेनरेशनल बॉन्डिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच संवाद को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित ने कहा कि पीढ़ियों के बीच संवाद समाज की मजबूती का आधार है और युवाओं को वरिष्ठों के अनुभवों से सीख लेने तथा वरिष्ठ नागरिकों को युवाओं के नवाचार अपनाने का प्रोत्साहन देना चाहिए। प्रतिभागियों को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार और संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया।

### 2869 बच्चों को दी कृमि मुक्ति की दवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत 28 फरवरी 2026 को मॉप-अप राउंड आयोजित किया गया। इस दौरान उन बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा दी गई, जो मुख्य चरण में छूट गए थे। अभियान का उद्देश्य 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पेट के कीड़ों से सुरक्षित रखना और उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि मॉप-अप राउंड में जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 2869 बच्चों को दवा दी गई, जिससे लक्ष्य 100 प्रतिशत पूरा हुआ। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग की सराहना की।

### समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिखाई रचनात्मकता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पीएमसी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एसयूपीडब्ल्यू (सामाजिक उपयोगी उत्पादक कार्य) प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कक्षा नौवीं से जमा दो (+2) की छात्राओं ने भाग लिया, प्रत्येक विद्यालय से पाँच छात्राएँ और एक एस्कॉर्ट शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैक्षणिक मॉडल, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, चार्ट और पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद मुख्य आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि उप-प्रधानाचार्या श्रीमती आशिमा कुमारी ने शुभारंभ किया। अतिथियों ने छात्राओं की रचनात्मकता की सराहना की और कहा कि एसयूपीडब्ल्यू गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण हैं।

### शिवा मिस्टर व मुस्कान बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** बंगाणा स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदला में जमा दो के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सीनियर विद्यार्थियों ने भी भावुक शब्दों में अपने अनुभव व्यक्त करते हुए कनिष्ठ साथियों को सफलता के सूत्र प्रदान किए। समारोह में मिस्टर परफेक्ट के रूप में निखिल तथा मिस परफेक्ट के रूप में आरती को चुना गया। दोनों ने अपने संतुलित व्यक्तित्व, शालीन व्यवहार और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। मिस पर्सनैलिटी प्रियांशी एवं मिस्टर पर्सनैलिटी रितिक, मिस्टर लीडरशिप अक्षित राणा एवं मिस लीडरशिप अदिती ठाकुर को चुना गया। मिस्टर डिसिप्लिन नीतीश एवं मिस डिसिप्लिन समीक्षा को उनके अनुशासित जीवन, समय की पाबंदी और आदर्श आचरण के लिए सम्मानित किया गया। मस्टर फेयरवेल शिवा ठाकुर एवं मिस फेयरवेल मुस्कान ठाकुर को समारोह का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि चुना गया। दोनों ने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और स्नेहिल व्यवहार से सभी के हृदय को स्पर्श किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य किशोरी लाल ने मिस्टर एवं मिस फेयरवेल को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक उपाधि नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और प्रेरणा का प्रतीक है।

### कांग्रेस सरकार प्रदेश की छवि कर रही है धूमिल: गौरव कुमार

**अनंत ज्ञान, अंब।** स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट चिंतपूर्णी के अध्यक्ष गौरव कुमार ने दिल्ली स्थित हिमाचल सदन तथा रोहड़ू में एआई समिट के विरोध से जुड़े व्यक्तियों को ठहराए जाने के प्रकरण पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के दौरान जिस प्रकार कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर देश की छवि को प्रभावित करने का प्रयास किया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने ऐसे व्यक्तियों को सरकारी संसाधनों अथवा संरक्षण के माध्यम से ठहराया गया, यह और भी गंभीर विषय है। गौरव कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी शांतिप्रिय परंपरा, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए जाना जाता है। ऐसे में यदि प्रदेश सरकार के संरक्षण में किसी भी प्रकार से उन तत्वों को सुविधा दी गई, जिनकी गतिविधियाँ अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित करती हों, तो यह प्रदेश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है।

# बलराम महें सर्वसम्मति से बने कांग्रेस एससी सेल विभाग के जिला अध्यक्ष



कांग्रेस एससी सैल के चुने हुए पदाधिकारी और सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग में जिला ऊना स्तर पर व्यापक संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। बैठक शनिवार को बचत भवन मे की गई इन नियुक्तियों को संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अनुसूचित जाति विभाग की अगुवाई राष्ट्रीय समन्वयक कर्मवीर बौद्ध तथा हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीनियर उपाध्यक्ष जीवन कुमार के मार्गदर्शन में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण निर्णय में बलराम महें को सर्वसम्मति से जिला ऊना का अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठन में नई ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता के रूप में देखा जा रहा है जारी सूची के अनुसार ब्लॉक ऊना से जखेड़ा निवासी सुभाष को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं ब्लॉक कुटलैहड़ की जिम्मेदारी गुरपाल कलसी को सौंपी गई है। ब्लॉक हरोली के गोंदपुर क्षेत्र से जयचंद के बलवीर कुमार, ब्लॉक चिंतपूर्णी से जगदीश राम, वचन चंद पटेल एवं कश्मीरी लाल छूंटी को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है जिला स्तर नव बैंस गोलू को जिला उपाध्यक्ष चुना गया इसके अतिरिक्त लेखराज भारती तथा तरसेम लाल सहोता को राज्य कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त बनाते हुए मोनिका को जिला ऊना की मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। जगत राम कामरेड को मुख्य सलाहकार तथा बेबी रानी को जिला उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि इन नियुक्तियों से अनुसूचित जाति विभाग को नई ऊर्जा मिलेगी तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। कार्यकर्ताओं ने भी नई टीम का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि आने वाले समय में संगठन और अधिक सक्रिय व मजबूत होकर उभरेगा।

# सिरसा में पुनर्वास का आधा-अधूरा सत्य

## 27 परिवारों को न्याय, पर नहीं हुआ पूर्ण भाखड़ा पुनर्वास समाधान

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हरियाणा के सिरसा जिले के गांव देसू जोधां में 18 मार्च का दिन 27 विस्थापित परिवारों के लिए वर्षों की प्रतीक्षा का अंत लेकर आ रहा है। 1997 से चले आ रहे आंदोलन और कानूनी संघर्ष के बाद इन परिवारों को रिहायशी प्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को व्यापक भाखड़ा पुनर्वास समाधान के रूप में देखना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं होगा।

यह स्पष्ट है कि ये 27 परिवार ग्रामीण क्षेत्र के भाखड़ा विस्थापित हैं, जिन्होंने अपने अधिकारों को लेकर पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका मामला हिसार क्षेत्र में प्लॉट आवंटन से संबंधित था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ही प्रशासन द्वारा यह आवंटन किया जा रहा है। अर्थात यह किसी नई पुनर्वास नीति या व्यापक सरकारी निर्णय का परिणाम नहीं, बल्कि न्यायालय के निर्देश की पालना है।

#### बिलासपुर के विस्थापितों का मामला अलग

**यह** भी महत्वपूर्ण है कि इन ग्रामीण विस्थापित परिवारों का बिलासपुर शहर के भाखड़ा विस्थापितों से कोई सीधा संबंध नहीं है। बिलासपुर शहर के विस्थापितों की मांग अलग है। वे चाहते हैं कि उन्हें बिलासपुर शहर या उसके आसपास ही पुनर्वास दिया जाए, क्योंकि उनकी आजीविका, सामाजिक पहचान और पारिवारिक जड़ें इसी क्षेत्र से जुड़ी रही हैं। शहर के विस्थापितों के इस मुद्दे पर सरकार ने अभी तक कोई अंतिम निर्णय या स्पष्ट नीति घोषित नहीं की है। इसलिए सिरसा में 27 ग्रामीण परिवारों को प्लॉट मिलना बिलासपुर शहर के लंबित पुनर्वास प्रश्न का समाधान नहीं माना जा सकता।

#### न्यायिक आदेश बनाम नीतिगत समाधान

**यह** पूरा घटनाक्रम इस बात की ओर संकेत करता है कि जहां एक ओर न्यायालय के हस्तक्षेप से कुछ परिवारों को राहत मिली है, वहीं व्यापक स्तर पर पुनर्वास नीति अब भी अस्पष्ट बनी हुई है। जब तक सरकार ग्रामीण और शहरी विस्थापितों के मामलों को अलग-अलग श्रेणियों में स्पष्ट रूप से परिभाषित कर ठोस रोडमैप प्रस्तुत नहीं करती, तब तक ऐसे कदम आंशिक और सीमित ही माने जाएंगे। 27 परिवारों को मिला यह अधिकार निश्चित रूप से उनके संघर्ष की जीत है। परंतु इसे संपूर्ण भाखड़ा विस्थापित पुनर्वास समाधान के रूप में प्रस्तुत करना वास्तविक स्थिति को सरल बनाकर दिखाना होगा। पुनर्वास का प्रश्न अभी भी अधूरा है और समाधान की प्रतीक्षा जारी है।

### प्लॉटों का आवंटन 18 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाखड़ा बांध विस्थापित 27 पात्र परिवारों को आवासीय प्लॉटों का आवंटन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ द्वारा पारित आदेशों की अनुपालन में किया जा रहा है। यह आवंटन प्रक्रिया दिनांक 18 मार्च को प्रात: 11:30 बजे ग्राम देसू जोधां, तहसील डबवाली, जिला सिरसा (हरियाणा) में संपन्न होगी। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता, आरएंडएम तथा एसआर मंडल, बीबीएमबी, नंगल टाउनशिप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से पूरी की जा सके। उपायुक्त कार्यालय ऊना से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपायुक्त रिसेटलमेंट फतेहाबाद ने ऊना और बिलासपुर के सभी संबंधित भाखड़ा बांध विस्थापितों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर भाखड़ा बांध विस्थापितों के लिए आरक्षित आबादी क्षेत्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आवंटन प्रक्रिया में शामिल होने का निर्देश दिए गए हैं। इनमें ऊना जिला से श्री ध्यान सिंह पुत्र सुंदर, पिछला गांव ढीयोंगली, तहसील और जिला ऊना तथा नरायण देवी (विधवा) सुपुत्री रतन सिंह, गांव मगनोहल मियां, तहसील और जिला ऊना शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्राम देसू जोधा में बसाए गए 27 पात्र भाखड़ा बांध विस्थापित परिवारों को न्यायालय के आदेशानुसार आवासीय प्लॉट प्रदान किए जा रहे हैं, लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए पुनर्वास प्रक्रिया को गति मिलेगी और प्रभावित परिवारों को स्थायी आवास की दिशा में महत्वपूर्ण राहत प्राप्त होगी।

# एसएस राव ने युवाओं को खेलों को अनुशासन से खेलने का दिया संदेश



ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बरमाना।** एनटीपीसी लिमिटेड की कोलडैम परियोजना द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमथल में दो दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता में कबड्डी और वॉलीबाल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। परियोजना प्रभावित क्षेत्रों की विभिन्न पंचायतों से लगभग 300 युवा खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी कोलडैम के परियोजना प्रमुख एस. एस. राव तथा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मंगला हरींद्रन ने किया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक (सीएसआर) पूरन सिंह, पूर्व पंचायत प्रधान बटवाड़ा निशा देवी, पूर्व पंचायत उपप्रधान जमथल शशि ठाकुर, बीडीसी सदस्य अशोक कुमार सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। परियोजना प्रमुख एसएस राव ने युवाओं को खेलों में अनुशासन, टीम भावना और निरंतर अभ्यास के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया।

एनटीपीसी कोलडैम द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रही है तथा खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में एक पहल है।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्थर से टकराई स्कूटी, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पुलिस थाना पतलीकूहल के अंतर्गत शुक्रवार रात बिंदू ढांक के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। स्कूटी जिसे विक्की श्रेष्ठा चला रहा था, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थर से जा टकराई। हादसे में स्कूटी पर सवार दीपक पुत्र महाजन, निवासी वीपीओ वरसैणी, तहसील जरी, जिला कुल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। युवक की असमय मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### ढाबे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** थाना पतलीकूहल के अंतर्गत पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ढाबे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार 27 फरवरी को दोपहर लगभग 3:30 बजे नग्गर पुल के समीप गश्त के दौरान जटेहड बिहाल में एक ढाबे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वहां से 5 लीटर की प्लास्टिक कैन में रखी अवैध शराब बरामद हुई। इस संबंध में पुलिस ने अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी मदन लाल ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सरकारी कार्यालयों में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के सभी सरकारी कार्यालयों में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार माह के अन्तिम शनिवार को प्रत्येक कार्यालय में स्वच्छता के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि कुल्लू जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में इस माह के अंतिम शनिवार को एक व्यापक सफाई चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य कार्यालय परिसरों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना, अनावश्यक फ़ाइलों और पुराने सामानों का निपटान करना और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार महीने के अन्तिम शनिवार को प्रत्येक कार्यालय में स्वच्छता के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है।

### गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ करेंगे सुंदर सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हर बार की तरह इस बार भी कुल्लू के ढालपुर मैदान में गांधी शिल्प मेले का आयोजन हो रहा है। इस बार मेले का आगाज 2 मार्च से होने जा रहा है । दी हिल क्वीन हस्तशिल्प एवं हथकरघा बुनकर कल्याण सहकारी सभा समिति कुल्लू (हि.प्र.) द्वारा आयोजित गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ विधायक सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे।

### नशे के खिलाफ जागरूकता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, आनी।** तुमन स्थित राजकीय उच्च पाठशाला में 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम बड़े ही जोश और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक मनोहर लाल भोगल ने कहा कि विद्यालय केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनमें ईमानदारी, संस्कार, नैतिक मूल्यों और अनुशासन का विकास भी करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शिक्षा संवाद जैसे कार्यक्रमों से अध्यापकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होता है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के प्रति भी जागरूकता फैलाई गई और समय पर वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### हरिपुर कॉलेज में 180 का जांचा स्वस्थ्य

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में शास्त्रा समिति द्वारा संचालित मनु हेल्थ सेंटर घुड़दौड़ की चिकित्सा टीम ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। वूमेन्स सैल, बायोडायवर्सिटी की इंचार्ज आचार्या साक्षी राणा ने इसे सफल बनाया। शिविर में डॉ. पुनीत शर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. कबिना, सचिव डिने राम और नेहा गोगोई ने रक्तचाप, शुगर, दांतों की जांच, हीमोग्लोबिन स्तर और सामान्य शारीरिक परीक्षण किया। लगभग 180 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लाभ उठाया। छात्राओं को सैनिटरी पैड्स भी वितरित किए गए। डॉक्टरों ने संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम के महत्व पर भी जोर दिया।

### विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने वैज्ञानिक कौशल, रचनात्मक सोच एवं नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न मॉडल पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संसाधन, तकनीकी विकास और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग पर आधारित रहे, जिन्हें उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या शीला कुमारी ने की। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

### खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 व 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** खाद्य सुरक्षा विभाग, कुल्लू द्वारा खाद्य व्यवसाय संचालकों (FBOs) के लिए FoSTaC (Food Safety Training and Certification) प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सहायक आयुक्त अनिल शर्मा के अनुसार 6 मार्च को जिला सहकारी संघ भवन, नेस्ट होटल के समीप, सरवरी, कुल्लू तथा 7 मार्च 2026 को शिव मंदिर, भुंतर में यह प्रशिक्षण होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य प्रबंधन सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षकों द्वारा खाद्य स्वच्छता, क्रॉस कंटैमिनेशन से बचाव, तापमान नियंत्रण, पंजीकरण/लाइसेंसिंग नियम और खाद्य सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी जाएगी। सहायक आयुक्त ने व्यापारियों और व्यवसाय संचालकों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है।

# होली पर्व पर कुल्लू जिला में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद : एसपी

## मणिकर्ण में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था को भी रखा जाएगा सुचारु

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा है कि कुल्लू में होली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद है। खासकर मणिकर्ण घाटी में पुलिस बल की अतिरिक्त विशेष तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में होली उत्सव के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पर्व त्योहार के दौरान जिला में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि होती है। विशेषकर मणिकर्ण घाटी में होला मोहल्ला को लेकर पर्यटक भारी संख्या में यहां पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि मणिकर्ण घाटी स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री मणिकर्ण साहिब में होली के अवसर पर पंजाब सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाइक और अन्य वाहनों के माध्यम से दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा देश-विदेश से आने वाले पर्यटक भी घाटी का रुख करते हैं। ऐसे में यातायात का दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। एसपी ने बताया कि भुंतर-मणिकर्ण सड़क मार्ग पर यातायात को सुचारू बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जगह-जगह पुलिस और होमगार्ड जवानों की तैनाती की जा रही है।



एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल।

◆ **ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

इसके अलावा एक क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम), एक रिजर्व फोर्स तथा अतिरिक्त होमगार्ड जवानों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर ये टीमें तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करेंगी। इसके अतिरिक्त भुंतर पुलिस और मणिकर्ण पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। बिना हेलमेट और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एसपी कुल्लू ने कहा कि होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी और आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्योहार को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

# सोलंगनाला में पर्यटन गतिविधियों को लेकर आपस में उलझे ग्रामीण

अनंत ज्ञान

◆ **विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग पहुंचे थाने, पुलिस कर रही मामले की जांच**

**मनाली।** सोलंगनाला में स्की पैकेज के मुद्दे पर एक बार फिर दो ग्रामीण गुटों के बीच विवाद हो गया है। इस विवाद के चलते तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई है। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

यह घटना स्की पैकेज से जुड़े हितों को लेकर हुई है, जहां ग्रामीण अपने-अपने अधिकारों और व्यवसाय को लेकर आमने-सामने आ गए हैं। इन दोनों गुटों में गहमा गहमी इसलिए हुई क्योंकि कुछ लोग जो साहसिक खेलों जैसे स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग , एटीवी राइड से सीधे तौर पर नहीं जुड़े हैं लेकिन पर्यटकों को इस सब गतिविधियों का एक पैकेज बनाकर बेच रहे हैं। जबकि दूसरे गुट के युवकों का मानना है कि सोलंगनाला में जो लोग जिस भी साहसिक गतिविधि से जुड़े हो वे सीधे तौर पर पर्यटकों से संवाद कर वही गतिविधि करवाएं जिससे वे जुड़े हैं । इसी बात पर वादविवाद बढ़ गया और दोनों गुट उलझ गए। बात बढ़ती देख दोनों गुट मनाली थाना पहुंचे हैं और एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायतपत्र दिए हैं।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायत आई है जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है और दोनों पक्षों के बीच विवाद को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। गत वर्ष भी स्की पैकेज को लेकर सोलंगनाला में वाद विवाद बढ़ता देख कई दिनों तक तमाम गतिविधियां बंद कर दी गई थी । जिसके चलते पर्यटन पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा था और मनाली पहुंचने वाले तमाम पर्यटकों ने लाहौल का रुख कर लिया था ।

# सिस्सू में हटा प्रतिबंध, आज से शुरू होंगी पर्यटन गतिविधियां

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहुल घाटी में पर्यटक अब बिना रोकटोक के पर्यटन गतिविधियां कर सकेंगे। लगभग 40 दिन बाद शनिवार को पारंपरिक देव प्रतिबंध हट गया। प्रतिबंध के हटते ही रविवार से पर्यटन गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। सैलानी अब बर्फ से ढकी घाटियों में स्नो ट्यूब राइड, जिपलाइन और सिस्सु लेक में मस्ती का आनंद ले सकेंगे। सप्ताहांत के चलते शनिवार को हजारों पर्यटकों ने अटल टनल रोहतांग में दस्तक दी। हालांकि पर्यटन स्थल कोकसर से भी देव प्रतिबंध हट गया लेकिन पर्यटक अभी कुछ दिन कोकसर के दीदार नहीं कर सकेंगे। मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला में बर्फ अब पिघलने लगी है लेकिन लाहुल घाटी पूरी तरह बर्फ से ढकी हुई है। पर्यटन स्थल सिस्सु मैदान में दो फीट बर्फ की मोटी परत पर्यटकों के स्वागत को तैयार है। सिस्सू के बर्फ से ढके पहाड़ और झरने पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण हैं। पर्यटक चंद्रा नदी के किनारे जिपलाइन, एटीवी, स्कूटर राइड और ट्यूब राइड का आनंद लेंगे।



बर्फ की चादर में लिपटी सिस्सू झील।

जमा हुआ सिस्सू वॉटरफॉल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। सिस्सू में पर्यटक बर्फ में अठखेलियां करने के साथ साथ आराध्यदेव राजा घेपन के दर्शन कर सुख समृद्धि का भी आशीर्वाद ले सकते है।

पर्यटन कारोबारी एवं पूर्व पंचायत प्रधान रतन ने बताया कि अटल टनल के पास स्थित लाहुल घाटी के प्रमुख पर्यटन स्थल सिस्सु में 40 दिनों के पारंपरिक प्रतिबंध के बाद रविवार से पर्यटन गतिविधियां फिर से शुरू हो रही हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय पर्यटन कारोबारी भी रोजगार शुरू करने की तैयारी में जुट गए हैं।

## दुआड़ा (शामन) में ऋषि जमदग्नि के प्रांगण में फागली की धूम

# भगवान विष्णु ने निभाई परंपराएं; बशकोला कटराई व बड़ाग्रां में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** देवभूमि कुल्लू की बढ़ागढ़ कोठी के विभिन्न गांवों में पारंपरिक फागली उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें घाटी के आराध्य देवों के प्रति अटूट श्रद्धा का संगम देखने को मिला। उत्सव का मुख्य केंद्र दुआड़ा (शामन) रहा, जहाँ ऋषि जमदग्नि (ऋषि जमलू) के पावन प्रांगण में भगवान विष्णु ने स्वयं उपस्थित होकर प्राचीन परंपराओं का निर्वहन किया।



इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने ऋषि जमलू और भगवान विष्णु का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसी कड़ी में बशकोला गांव में महाराजा बलि की फागली भी भव्य रूप से मनाई गई, जहाँ सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। यहां की परंपरा के अनुसार गांव के प्रत्येक घर से एक महिला पारंपरिक हिमाचली वेशभूषा धारण कर देवता के दरबार में हाजिर हुई और सामूहिक रूप से आरती उतारकर भगवान को मीठे बबरू का भोग लगाया। कारदार प्रीतम सिंह और पुजारी जय सिंह ने विधि-विधान से देवता को जोरे व हार अर्पित किए और भक्तों ने महाराजा बलि से अच्छी फसल व पर्याप्त वर्षा का शुभाशीष मांगा।

फागली का यह उल्लास ऋषि जमदग्नि के अन्य देऊघरों बड़ाग्रां और कटराई की छानी में भी देखने को मिला, जहां हर वर्ष की भांति इस बार भी पुरातन रीति-रिवाजों के साथ उत्सव का आयोजन किया गया। इन सभी स्थानों पर स्थानीय ग्रामीणों और दूर-दराज से आए भक्तों ने देव-धुनों के बीच शीश नवाया। बड़ाग्रां और कटराई की छानी में आयोजित कार्यक्रमों में भी देव-परंपराओं का कड़ाई से पालन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उत्सव के समापन पर सभी आयोजन कमेटियों द्वारा भव्य देवभोज (धाम) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस वर्ष फागली उत्सव में युवाओं और महिलाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला, जो हमारी समृद्ध संस्कृति और देव-संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है।

# सामान्य वर्षा व अच्छी फसल के दिए संकेत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि के स्वर्ग प्रवास से लौटते ही कुल्लू जिला के सभी 13 देवालयों में फागली उत्सव की धूम मच गई है। 13वें देवालय कुलंग गांव में देववाणी के दौरान ऋषि जमदग्नि ने कहा कि इस वर्ष वर्षा सामान्य रहेगी और फसल अच्छी होगी। उन्होंने उझी घाटी के लोगों को आपसी मेल-मिलाप और एकजुट होकर रहने की नसीहत दी। सुबह से ही गांव देव वाद्य यंत्रों की धुन से गूंज उठा और देवलुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार देवकार्य संपन्न किए। वहीं जनजातीय क्षेत्र लाहुल के अधिष्ठाता देवता राजा घेपन ने भी अपनी भविष्यवाणी में क्षेत्रवासियों को उत्साहवर्धक संदेश दिया। देववाणी के अनुसार इस वर्ष उदयपुर में देवी भगवती से भेंट का संकेत शुभ माना जा रहा है। साथ ही कहा गया कि यदि समाज एकजुट रहेगा तो किसी प्रकार की त्रासदी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि राजा घेपन को खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। क्षेत्रवासियों ने देववाणी को आने वाले समय के लिए शुभ संकेत बताया है।

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कल्याण समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष एवं कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय भवन, कुल्लू में आयोजित की गई। बैठक में विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड, विधायक बंजार सुरेंद्र शौरी, उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा सहित समिति के सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया।

बैठक में समस्त योजनाओं वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिये अनुमोदन और 2025-26 के लिए समस्त योजनाओं में शत प्रतिशत व्यय के लिये अनुमोदन दिया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जिला विभिन्न कल्याण योजनाओं के लिए कुल 97,19,61,018 का आवंटन किया गया था और 96,55,71,569 की राशि व्यय की गई। इस प्रकार कुल आवंटन का 99.34 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत कुल 75,करोड़ 69 लाख 92,795 का बजट प्रावधान किया गया है। 31 जनवरी 2026 तक इन योजनाओं पर 70,11,92,960 की राशि व्यय की जा चुकी है। बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष एवं विधायक ने कहा कि यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिसमें सरकार द्वारा संचालित सभी प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का गहन जायजा लिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे।



बैठक के दौरान सुंदर सिंह ठाकुर व अन्य अधिकारी। अनंत ज्ञान

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार शेष राशि का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को जिला कल्याण योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

# जवानों और युवाओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण की मिसाल पेश करते हुए शनिवार को बड़ागढ़ रेजोर्ट एंड स्पा मनाली में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व अनिल खुल्लर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र नकुल खुल्लर एवं समस्त खुल्लर परिवार द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरिता खुल्लर ने अनिल खुल्लर की स्मृति में पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में आयोजित इस शिविर में कुल 110 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। सुरक्षा बलों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा के एक साझा मंच के रूप में स्थापित किया।

# हर पंचायत से अधिक से अधिक लोगों को रेडक्रॉस से जोड़ने का लिया निर्णय

अनंत ज्ञान

◆ **भविष्य की योजनाओं में मेले, कार्यालय और डायलिसिस सेंटर शामिल**

**आनी।** आनी में एसडीएम सभागार में रेडक्रॉस सोसाइटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सोसाइटी के चेयरमैन एवं एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने की। बैठक का उद्देश्य रेडक्रॉस की गतिविधियों की समीक्षा करना, आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना और भविष्य की योजनाओं पर मंथन करना था।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर पंचायत से अधिक से अधिक लोगों को रेडक्रॉस से जोड़ा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि जो लोग रेडक्रॉस से जुड़ते हैं, वे समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते हैं। वर्तमान में आनी क्षेत्र में केवल 53 सदस्य पंजीकृत हैं, जबकि आने वाले समय में 1000 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सदस्यता अभियान को तेज करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए पर्चियां और प्रचार-प्रसार करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 50 हजार रुपये या उससे कम है, उन्हें आर्थिक, चिकित्सा और अन्य सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। आनी में रेडक्रॉस कार्यालय खोलने, भवन के लिए स्थान चयन और भविष्य में डायलिसिस सेंटर खोलने जैसे प्रस्तावों पर भी विचार हुआ। भव्य रेडक्रॉस मेले का आयोजन प्रस्तावित किया गया, जिसमें रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य-संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। बैठक में कई विभागीय अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कुल्लू साहित्य उत्सव के दूसरे दिन लोक संस्कृति पर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू साहित्य उत्सव-2026 के दूसरे दिन का शुभारंभ सहायक आयुक्त एवं उपायुक्त कुल्लू डॉ. जयबंती ठाकुर ने किया। प्रथम सत्र लोक संस्कृति पर केंद्रित रहा, जिसमें प्रोफेसर वरयाम सिंह, तोबदन और भाषाविद यतिन पंडित ने विचार रखे। वक्ताओं ने देव परंपराओं, लुप्त होती भाषा-संस्कृति और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दूसरा सत्र 'लोक कलाएं और पर्यावरण' विषय पर आधारित रहा। मुंबई से आई लेखिका एवं कलाकार सुमनिका सेठी ने कहा कि मनुष्य कितनी भी शक्तियां अर्जित कर ले, प्रकृति का अंशमात्र भी सृजन नहीं कर सकता। उन्होंने कला, संगीत और रंगों के माध्यम से लोक संस्कृति को सहेजने पर बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ. ठाकुर ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे साहित्य और संस्कृति के विस्तार में सहायक बताया।

**मांग** समस्या के समाधान के लिए सेक्स-सॉर्टेड सीमन किट की उपलब्धता पर दिया जोर

# बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या बनी चिंता

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों की सबसे बड़ी संस्था, कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने क्षेत्र में बढ़ती बेसहारा पशुओं की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संस्था वर्तमान में अपने मंडल क्षेत्र में बेसहारा पशुओं की देखभाल के लिए चार गोशालाएं चला रही है, लेकिन पशुओं की बढ़ती संख्या एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अधिकतर बछड़ों को ही बेसहारा छोड़ देते हैं, जबकि बछड़ियों को पालने को प्राथमिकता दी जाती है। इसी कारण खेतों और सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यही स्थिति रही, तो एक समय ऐसा आएगा कि गोशालाओं की क्षमता भरने के बाद भी गोवंश सड़कों पर ही जीवन यापन करने को मजबूर हो जाएगा।



बेसहारा पशुओं की देखभाल के लिए बनाई गोशाला। अनंत ज्ञान

प्रधान प्रेम शर्मा ने एक महत्वपूर्ण तकनीकी समाधान की ओर इशारा करते हुए बताया कि सेक्स-सॉर्टेड सीमन किट इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकती है। इस कृत्रिम गर्भाधारण किट के उपयोग से 90 प्रतिशत बछड़ी पैदा होने की संभावना रहती है। प्रेम शर्मा ने खेद व्यक्त किया कि उपरोक्त किट वर्तमान में अधिकतर पशु अस्पतालों में उपलब्ध ही नहीं है। यदि बछड़ियों का जन्म अधिक होगा, तो किसान अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ने से परहेज करेंगे, क्योंकि वे उनके लिए आर्थिक रूप से उपयोगी होंगी।

### पशुओं को लावारिस छोड़न वाले न बख्शे जाएं

**कुल्लू** फलोत्पादक मंडल के प्रधान ने सरकार से आग्रह किया है कि पशु अस्पतालों में सेक्स-सॉर्टेड सीमन किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही पशुओं को लावारिस छोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कानून का प्रावधान किया जाए ताकि इस कुप्रथा पर रोक लग सके।

# हथकरघा उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने पर मंथन

## 'इंडिया हैंडलूम ब्रांड' के संवर्धन पर कार्यशाला, बुनकरों को मिली जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत टेक्सटाइल कमेटी द्वारा कुल्लू में 'इंडिया हैंडलूम ब्रांड (आईएचबी) के संवर्धन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टेक्सटाइल्स कमेटी के अधिकारियों, बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं तथा क्षेत्र के बुनकरों ने भाग लिया। कार्यशाला में बताया गया कि वर्तमान में देशभर के 2240 विशिष्ट उत्पाद इंडिया हैंडलूम ब्रांड के अंतर्गत पंजीकृत हैं। यह ब्रांड उच्च गुणवत्ता, प्रामाणिकता और पर्यावरण-अनुकूल हथकरघा उत्पादों को प्रमाणन प्रदान करता है। पंजीकरण की सुविधा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध है। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सरकार की क्रियान्वयन एजेंसियों को आईएचबी से संबंधित आवश्यक जानकारी और प्रक्रियाओं से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम में आईएचबी की अवधारणा, उद्देश्य, लाभ, पात्रता मानदंड, उत्पादों की सूची, आवेदन प्रक्रिया और स्थल सत्यापन की विधि पर विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय स्तर की सफल कहानियों को साझा करते हुए संबंधित एजेंसियों को विशिष्ट उत्पादों और उनसे जुड़ी अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया गया।



भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

टेक्सटाइल्स कमेटी के राजीव कुमार ने देश में आईएचबी को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने कुल्लू शॉल की उत्पत्ति पर जानकारी देते हुए वस्त्र समिति के कार्यों की सराहना की और बुनकरों से आईएचबी योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू के सहायक निदेशक विनय कुमार ने बुनकरों का उत्साहवर्धन करते हुए आइएसबी की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्योग केंद्र कुल्लू की प्रबंधक प्रवीण लता ने राज्य सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। कार्यक्रम के अंत में टेक्सटाइल डिजाइनर किरण कुमार हांसदा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोलन की सेरी पंचायत में विकास के नए आयाम, रास्ते पक्के, जल संरक्षण से सूखे नाले लहलहाए




अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन विकास खंड के अंतर्गत आने वाली सेरी पंचायत ने पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय विकास कार्य किए हैं। यहां रास्तों को पक्का करने के साथ-साथ पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार, नालियों और टैंकों का निर्माण हुआ है। खासकर बजड़ोल गांव में घरों की रसोई व बाथरूम से निकलने वाले पानी को संरक्षित कर सोकपिट के जरिए सूखे नाले में जमा किया गया, जिसे अब सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। इससे निचले क्षेत्रों के जल स्त्रोत सक्रिय हो गए हैं और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इस पहल को खूब सराहना मिल रही है।

## विकास कार्यों पर खर्च किए 15 लाख रुपए : मोहित वर्मा



**उपप्रधान** मोहित वर्मा के नेतृत्व में पंचायत के गांवों में पक्के रास्ते बनाए गए, जिनमें 15 लाख रुपये खर्च कर नालियां भी तैयार की गईं। नढोह गांव में घरेलू अपशिष्ट जल को सोकपिट में डालकर सूखे नाले को पानी से भर दिया गया, जिससे पेड़-पौधे हरे-भरे हो उठे। मोहित वर्मा ने बताया कि ये कार्य पर्यावरण के अनुकूल हैं और स्थानीय स्तर पर इससे सिंचाई सुविधा मिल रही है।

### चुनौतियां और भविष्य की योजनाएं

*__पंचायत__ के कई मुद्दे अभी लंबित हैं। नगर निगम में विलय हो चुके क्षेत्रों को वापस पंचायत में लाने का प्रयास जारी है, क्योंकि इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपप्रधान ने कहा कि समय पर पंचायत चुनाव होने चाहिए, ताकि कार्यों में गति आए। बड़े कार्यों के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिल पाता, पंचायत भवन का निर्माण अधूरा है और लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव लंबित है। कुछ क्षेत्रों का नगर निगम में विलय होने से ग्रामीण नाराज हैं।*


पंचायत का बजड़ोल गांव



सेरी पंचायत कार्यालय।


पंचायत में बने पक्के रस्ते



**पंचायत** निवासी जगदीश कुमारी का कहना है कि उनके गांव में रास्ते पक्के हुए हैं। रसोई और नहाने के पानी का संरक्षण कर सिंचाई योग्य बनाया गया। पंचायत ने कुल मिलाकर अच्छे काम किए। अब रास्तों पर सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने की जरूरत है।



**शोभा** ने पक्के रास्तों से मिली सुविधा की सराहना की और स्ट्रीट लाइट्स लगने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि उपप्रधान की सक्रियता से लोगों के कार्य आसानी से हो जाते हैं।



**पंचायत** निवासी जीत राम ने विकास कार्यों की प्रशंसा की है। पक्के रास्ते, जल संरक्षण और स्ट्रीट लाइट्स से दैनिक जीवन आसान हुआ है। हालांकि, एम्बुलेंस सड़कें, रेलिंग और बजट बढ़ोतरी जैसी मांगें भी उठाईं।



**स्थानीय** निवासी दीपक ने बताया कि एम्बुलेंस के लिए गांवों तक मजबूत सड़कों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निगम में विलय हो चुके क्षेत्रों को वापस पंचायत में लाने की जरूरत है। इससे किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ नहीं मिलता।

## न्यूज ब्रीफ

### 19 चालान काट वसूला 4.47 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आरटीओ सिरमौर सोना चौहान ने यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कारवाई करते हुए 19 चालान काटे। जिसमें 12 बिना नंबर प्लेट के एक बिना फिटनेस के चल रही स्कूल बस जब्त की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले इन वाहनों से 4,47,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### डॉ. शांडिल एक मार्च को सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज (एक मार्च) को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल प्रथम मार्च, 2026 को प्रातः 11.50 बजे शिव मंदिर जटोली में धार्मिक समारोह में भाग लेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत सांय 3.00 बजे कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सतडोल में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा आंगनबाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण करेंगे।

### 12 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 मार्च को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज केयन्स टेकनोलॉजी इंडिया लिमिटिड परवाणू में ऑपरेटर के 5 पद तथा मैसर्ज कमला डायल (केडीडीएल लि.) परवाणू में मेकैनिकल इंजीनियर, ट्रेनी, क्वालिटी इंजीनियर के 07 पदों पर भर्ती के लिए 6 मार्च, 2026 को उप रोजगार कार्यालय कसौली में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी ज़िला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मकैनिकल इंजीनियर व आयु 21 से 31 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों सहित उप रोजगार कार्यालय कसौली में 06 मार्च, 2026 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### अक्षरधाम पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया जौहर

**अनंत ज्ञान,नाहन।** अक्षरधाम पब्लिक स्कूल मोगीनंद द्वारा स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता परिसर में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश सैनी ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। छात्रों को संबोधित करते हुए राजेश सैनी ने कहा कि अक्षरधाम पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्रों को आगे रखता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भीतर अनुशासन की भावना उत्पन्न करना है। वही खेल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास और शारीरिक विकास होता है।

### छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट में जानी फल व फूल उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** जिला सोलन के कंडाघाट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जिला सिरमौर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटला बांगी के विद्यार्थियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने बागवानी की विभिन्न तकनीकों को जाना। प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र की तरफ से डॉ. सीमा ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सब्जी विभाग तथा डॉ. राजेश ठाकुर ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को आधुनिक सब्जी उत्पादन तथा फूल उत्पादन के तरीकों पर छात्रों को अवगत करवाया गया। डॉ. राजेश ठाकुर, पुष्प वैज्ञानिक ने गमले में लगने वाले में फूलों पर छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। डॉ. सीमा ठाकुर ने कृषि विज्ञान केंद्र में स्थापित हाइड्रोपोनिक तकनीक के माध्यम से सब्जी उत्पादन पर छात्रों को जानकारी साझा की। छात्रों को फलों में ग्राफ्टिंग तकनीक पर भी व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्कूल के अध्यापक आंचल और सविता ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए अति आवश्यक है।

### कोटला बरोग स्कूल के विद्यार्थियों ने किया नौणी विवि का शैक्षणिक भ्रमण



यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण करते स्कूल के विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बरोग के लगभग 45 विद्यार्थियों का एक शैक्षिक एवं पूर्व-व्यावसायिक एक्सपोजर विजिट हाल ही में डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी जिला सोलन में आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विशेषकर बागवानी, वानिकी एवं कृषि आधारित व्यवसायों के विविध अवसरों से अवगत कराना तथा उनके करियर चयन में मार्गदर्शन प्रदान करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसीलाल नेगी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शैक्षिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर का विस्तृत अवलोकन किया।

### नौणी विविः समग्र शिक्षा साझेदारी से कृषि व्यावसायिक शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कृषि व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बढ़ते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में नैशनल स्किल्स क्वालफकैशन फ्रेम्वर्क के अंतर्गत स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर की गतिविधियों पर हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला एवं संवाद सत्र का आयोजन विश्वविद्यालय और समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित किया गया। यह पहल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की विश्व बैंक समर्थित STARS परियोजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. इंदर देव ने कहा कि विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सुविधा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप है। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय कृषि विशेषज्ञता, आधारभूत संरचना तथा डाटा प्रबंधन के क्षेत्र में अपना योगदान देगा। परियोजना की सह-समन्वयक डॉ. आशु चंदेल ने परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी साझेदारी बताया, जिसका उद्देश्य कृषि व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उनमें उद्यमिता कौशल विकसित करना है।

# किसानों की मांग पर ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे जागरूकता शिविर : नेगी

## बागवानी एवं राजस्व मंत्री ने राजगढ़ में एचपीएमसी के नए कार्यालय का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़ ।** किसानों व बागवानों की मांग पर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि किसान व बागवान नवीनतम तकनीक से बागवानी कर सके। बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी शनिवार को राजगढ़ के अंबेदकर हॉल में कृषि व बागवानी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले बागवानी मंत्री ने राजगढ़ में एचपीएमसी के नए कार्यालय का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि विभाग में अधिकतर बागवानी विशेषज्ञ कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं, जिन्हें अब फील्ड में जाकर बागवानों की समस्याओं का निदान करना होगा। उन्होंने बताया कि राजगढ़ क्षेत्र को देश में पीच वैली के नाम से जाना जाता था, परंतु वर्तमान में फाइटोप्लाजमा बिमारी के कारण आड़ू की बागवानी समाप्त हो रही है। यही नहीं सेब, लसुहन इत्यादि फसलों में भी बीमारी लगने से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है जोकि चिंता का विषय है।


राजगढ़ पहुंचे बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी जनसमस्याएं सुनते हुए। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर, डीएसपी बीसी नेगी, कांग्रेस पदाधिकारी रणधीर पंवार, परीक्षा चौहान, सुंदर सिंह ठाकुर, दिनेश आर्य, पूर्व नप अध्यक्षा ज्योति साहनी, सुनील शर्मा, विक्रम ठाकुर, राजकुमार, सुरेंद्र तोमर, विक्रम जेलदार के अतिरिक्त उद्यान विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

### 188 हैक्टेयर भूमि पर लगेंगे डेढ़ लाख फलदार पौधे

**बागवानी** मंत्री ने कहा कि सिरमौर जिला में शिवा परियोजना के तहत 73 करोड़ की राशि से 188 हैक्टेयर भूमि में डेढ़ लाख फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है । जिसमें 58 हैक्टेयर भूमि कवर कर ली गई है। जगत सिंह नेगी ने बताया कि जो परिवार बीते तीन पुश्तों से सरकारी भूमि पर काश्त कर रहे हैं, ऐसे परिवार अपने दावे वन अधिकार अधिनियम समिति के समक्ष रख सकते हैं जिसके लिए सरकार द्वारा अधिकतम 50 बीघा भूमि को नियमित करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि सिरमौर जिला के शिलाई में एफआरए के तहत 26 परिवारों को जमीन के पट्टे प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष दयाल प्यारी ने भी अपने विचार रखे तथा राजगढ़ में एचपीएमसी का कार्यालय खोलने के लिए आभार व्यक्त किया।

# अर्की सब डिपो का डीजल पंप कबाड़ बनने की कगार पर

## डीजल सप्लाई न आने से धूल फांक रहा निगम का पंप



अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** उपमंडल अर्की मुख्यालय में लाखों की राशि तैयार डीजल पंप सप्लाई न आने के चलते कबाड़ बनने की कगार पर है। ज्ञात रहे कि अर्की परिवहन सब डिपो में शिमला, सोलन, बिलासपुर, परवाणु व नालागढ़ के डिपो की लगभग 25 से 30 बसों का अप-डाउन होता है तथा समय असमय बसों में डीजल की कमी हो जाती है, जिसके लिए अर्की सब डिपो पर इस समस्या से निजात पाने के लिए डीजल पंप की स्थापना की गई है। इसका कारण है सोलन से महीने में लगभग सात या आठ बार डीजल आपूर्ति हेतु लगभग 1600 लीटर डीजल बसों में अर्की सब डिपो में लाना। गौरतलब है कि जहां इस तरह बस में ज्वलनशील डीजल लाना गैर कानूनी है, क्योंकि बस में रखे डीजल से कोई भी खतरनाक हादसा हो सकता है। वहीं परिवहन विभाग कई वर्षों से धड़ल्ले से बस में डीजल ढो रहा है। परिवहन विभाग के कर्मियों की मानें तो पंप शुरू करने के लिए लाइसेंस की जरूरत होती है। वह अभी तक नहीं मिला है।

> पंप चालू करने में फॉर्मेलिटी बहुत होती है। लगभग दो सप्ताह के भीतर पंप चालू हो जाएगा।
>
> **सुरेंद्र राजपूत**
> **आरएम, सोलन**

## हरिपुरधार क्षेत्र से 12 बच्चों ने पास की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** मां भगवती पब्लिक स्कूल हरिपुरधार के चार विद्यार्थियों ने एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर सैनिक स्कूलों की प्रवेश परीक्षा पास की है। इस वर्ष सैनिक स्कूलों की प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले इस स्कूल के विद्यार्थियों में कक्षा 9वीं से आरव ठाकुर और कक्षा छठी से तीन विद्यार्थी अमीषा राणा, ईशान ठाकुर और कार्तिक राणा शामिल हैं।

विद्यार्थियों ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय मां भगवती पब्लिक स्कूल हरिपुरधार विद्यालय में कार्यरत दो अध्यापकों राकेश ठाकुर और राजेश ठाकुर को जाता है। इन शिक्षकों ने पहली बार हरिपुरधार में सैनिक स्कूल, आरएमएस और स्वर्ण जयंती मिडल मेरिट स्कॉलरशिप जैसी परीक्षाओं के लिए बच्चों को तैयार किया। अभी तक इस स्कूल से 19 और हरिपुरधार क्षेत्र से कुल 34 बच्चे सैनिक स्कूलों की परीक्षा पास का सैनिक स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष कुल 12 बच्चों ने यह परीक्षा पास की है, जिसमें 6 बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने बीएलआर अकादमी से ऑनलाइन कोचिंग ली और 6 बच्चे ऑफलाइन क्लासेस पढ़ने वाले हैं।



परीक्षा में सफल रहे छात्र। अनंत ज्ञान

## 40+ पुरुष एकल व मिश्रित युगल में योगेश चौहान बने राज्य चैंपियन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कुल्लू में आयोजित राज्यस्तरीय मास्टर्स/वेटरन्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में सोलन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कई खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

◆ **सोलन के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कुल्लू राज्य चैंपियनशिप में किया कमाल**

सोलन जिला बैडमिंटन संघ के सचिव यदविंदर सेन ने बताया कि 24 फरवरी से 40+ पुरुष एकल और मिश्रित युगल में योगेश चौहान राज्य चैंपियन बने। वहीं, 40+ पुरुष युगल में योगेश चौहान उपविजेता रहे। 50+ मिक्स डबल में रविंद्र ठाकुर ने उपविजेता का खिताब हासिल किया।

55+ में पीडी कौशल राज्य चैंपियन बने, जबकि 70+मिक्स डबल में जेएस वर्मा उपविजेता रहे। सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन 70+ मिक्स डबल में रहा, जहां हरि दत्त और जेएस वर्मा की जोड़ी ने राज्य चैंपियन का तमगा जीता। ये सभी विजेता खिलाड़ी मार्च में गोवा में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। सोलन जिला बैडमिंटन संघ ने खिलाड़ियों को बधाई दी है और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

## किकरी पार्क संगड़ाह में तेंदुए का ग्रास बनी पांच बकरियां

**अनंत ज्ञान, नाहन।** किंकरी देवी पार्क संगड़ाह में शुक्रवार को तेंदुए ने दिन-दहाड़े मंडोली गांव के इन्द्र सिंह की 3 बकरियों को शिकार बनाया। निवर्तमान पंचायत प्रधान विक्रम सिंह तथा इंद्र सिंह ने बताया कि मंडोली गांव के जंगल से बकरियां चरते-चरते पार्क में पहुंची, जहां तेंदुए ने इन पर हमला किया। उपमंडलीय पशु चिकित्सालय संगड़ाह के चीफ फार्मासिस्ट नरेश कुमार ने बताया कि अब तक 2 बकरियों का पोस्टमार्टम किया गया है और तीसरी घायल बकरी का इलाज किया गया। ग्रामीणों के अनुसार इसके अलावा दो और बकरियां भी तेंदुए का ग्रास बनी हैं, जो अभी तक नहीं मिली हैं। गौरतलब है कि करीब 27 लाख की लागत से राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पर्यावरण प्रेमी किंकरी देवी की स्मृति में बना यह अधूरा पार्क फैंसिंग व गेट टूटने अथवा तोड़े जाने से पशुओं की चारागाह व नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। खंड विकास अधिकारी संगड़ाह नेहा नेगी के अनुसार पार्क के लिए उपलब्ध 27 लाख रुपए का बजट खर्च हो चुका है और अतिरिक्त राशि मिलना शेष है।

## नया सवेरा जन कल्याण समिति सर्वोत्तम एनजीओ घोषित

◆ **13 मार्च को सोलन में जिला स्तरीय सम्मान समारोह में किया जाएगा सम्मानित**

***अनंत ज्ञान, सोलन।*** *नया सवेरा जन कल्याण समिति अर्की को तहसील अर्की की शिक्षा खंड अर्की में सर्वोत्तम एनजीओ घोषित किया गया है। समिति को 13 मार्च, 2026 को सोलन में होने वाले जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता ) एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा सोलन द्वारा जारी पत्र से प्राप्त हुई है। उपरोक्त समिति पिछले लगभग 8 वर्षों से क्षेत्र में युवाओं को खेलकूद गतिविधियों में बढ़ावा देने एवं नशे के खिलाफ मुहिम में आम जनमानस को जागरूक करने, पर्यावरण सुरक्षा एवं सामान्य जागरूकता शिविर आयोजित करती रही है।*

## कंधर, भराड़ीघाट कंधर में बाधित रहेगी बिजली

**दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 1 मार्च को क्षेत्र के विभिन्न भागों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग दाड़लाघाट उपमंडल के सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि 11 केवी विद्युत लाइनों पर निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 9:00 से सायं 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 11 केवी चंडी, ग्याना एवं दाड़लाघाट फीडर, 11 केवी नवगांव, 11 केवी कंधर, 11 केवी भराड़ीघाट, 11 केवी धुन्दन व 11 केवी रहेवटा फीडरों से जुड़े क्षेत्रों व गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## पीजी महाविद्यालय नाहन की 54वीं एथलेटिक्स मीट आयोजित

अनंत ज्ञान

◆ **बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिरमौर ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय पीजी महाविद्यालय नाहन की 54वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर खेल प्रतिभा और प्रतिस्पर्धा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चिंत सिंह नेगी ने ध्वजारोहण के साथ किया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष राजीव ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने अतिथियों का बैज पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मार्च पास्ट एथलेटिक्स मीट का सबसे आकर्षक केंद्र रहा। परेड कमांडर अभिषेक चौहान के नेतृत्व में विभिन्न इकाइयों ने शानदार कदमताल प्रस्तुत की। एनसीसी, एनएसएस, बीसीए, हॉस्टल, बीवॉक, इको क्लब, रेड रिबन और रोड सेफ्टी क्लब के कमांडरों ने सशक्त नेतृत्व का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। मुख्य अतिथि एसपी निश्चिन्त सिंह नेगी ने युवाओं से 'नशा मुक्त हिमाचल' का आह्वान करते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## उद्योग मंत्री ने नुकसानदायक वृक्षों को हटाने के लिए प्रस्तावित स्थलों का किया निरीक्षण

# 13 स्थलों पर 28 वृक्षों को हटाने के दिए दिशा-निर्देश

अनंत ज्ञान

◆ **निगम के क्षेत्र में वृक्ष कटान की अनुमति उन्हीं स्थानों पर जहां जान-माल का खतरा**

**सोलन।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शनिवार को नगर निगम सोलन की परिधि में नुकसानदायक सिद्ध हो रहे वृक्षों को हटाने के लिए नगर निगम सोलन की परिधि में वृक्ष प्राधिकरण समिति द्वारा संस्तुत 28 वृक्षों को हटाने के लिए प्रस्तावित 13 स्थलों में से चंबाघाट में शिव मंदिर के समीप, नए बस स्टैंड के समीप लोहार मोहल्ला, नहोड़ गांव के समीप, ठोड़ो मैदान के समीप तथा खुंडीधार में निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।


वृक्षों को हटाने के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान

हर्षवर्धन चौहान ने इस आश्वासन दिया कि भविष्य में भी निगम के क्षेत्र में वृक्ष कटान की अनुमति उन्हीं स्थानों पर दी जाएगी, जहां पर जान-माल का खतरा हो। उद्योग मंत्री ने कहा कि हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र आर्थिकी के आधार स्तंभ में से एक है और हरित आवरण पर्यटकों की संख्या में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष कटान की अनुमति देते समय सभी आवश्यक पहलुओं का ध्यान रखा जाता है।

उन्होंने इस अवसर पर नगर निगम सोलन की महापौर, पार्षदों तथा अधिकारियों से सोलन शहर के सौंदर्यकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचनात्मक आवश्यकताओं के सम्बन्ध में फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक पहलुओं को प्रदेश सरकार के ध्यान में लाया जाएगा।

# देश को बदनाम करने में लगी कांग्रेस : मोदी

## पीएम बोले- यह अब आईएनसी नहीं, एमएमसी है यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस को कुकर्मों के लिए देश कभी माफ नहीं करेगा। पूरे देश में कांग्रेस लगातार हार रही है और गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। दुनिया के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने में लगी रही। उन्होंने कहा कि कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी। अब आईएनसी नहीं बची है। आज वो एमएमसी बन गई यानी मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस।

शनिवार को पीएम मोदी अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अभियान की शुरुआत में मनीषा रावत, भूमिका, पूर्वी अग्रवाल, चंचल, चिड़िया मेघवंशी



◆ अजमेर से की ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत

को वैक्सीनेशन लगाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लड़कियों से वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह भी पूछा कि टीका क्यों लगाया जाता है? प्रधानमंत्री ने छात्राओं से एग्जाम के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने युवाओं को सरकारी नौकरी के ज्वॉइनिंग लेटर भी दिए। हाल ही में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। इसमें कई देशों के पीएम-राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री आए। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के लीडर एक छत के नीचे इकट्ठे हुए।

भारत की खुले मन से प्रशंसा की। हताशा, निराशा में डूबी कांग्रेस ने दुनियाभर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत किया। बीते 11 वर्षों में भारत की सेना ने हर मोर्चे पर, आतंकियों पर, देश के दुश्मनों पर करारा प्रहार किया। हमारी सेना हर मिशन, हर मोर्चे में विजय रही। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक वीरता का लोहा मनवाया। लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने इसमें भी दुश्मनों के झूठ को आगे बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

### कहा- नदियों को जोड़ने का अभियान शुरू

पीएम मोदी ने कहा कि नदियों को जोड़ने का अभियान शुरू किया है। इसका अधिक फायदा राजस्थान को मिलना तय है। संशोधित पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना हो, यमुना राजस्थान लिंक प्रोजेक्ट हो, डबल इंजन सरकार ऐसी अनेक सिंचाई परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज भी झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी के लिए पानी की अनेक परियोजनाओं के लिए काम शुरू हुआ है। हमारा प्रयास है राजस्थान में भूजल का स्तर में सुधार हो।

### मुस्लिम लीग की राह पर कांग्रेस

**इतिहास** गवाह है, मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसीलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया। आज कांग्रेस भी वही कर रही है। माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमले करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को, देश कभी माफ नहीं करेगा।

### इसराइल में याद किए जाते हैं राजस्थान के सपूत

राजस्थान के सपूत मेजर दलपत सिंह के शौर्य को इसरायल के लोग आज भी याद करते हैं। मुझे भी इसराइल की संसद में मेजर दलपत सिंह के शौर्य को नमन करने का मौका सौभाग्य मिला। राजस्थान के वीर बांकुरों की इसराइल के हाइफा शहर को आजाद कराने में जो भूमिका थी, उसका गौरव गान करने का अवसर मिला।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब', एक्यूआई 238

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 238 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता स्तर को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'अत्यंत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। वहीं, शनिवार सुबह धूप निकली और न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से 3.9 डिग्री सेल्सियस से अधिक 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज बादल छाए रहने का अनुमान जताया है और अधिकतम तापमान मौसम के औसत से 5.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 31.9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## राहुल गांधी ने वित्त मंत्री सीतारमण को लिखा पत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम के लिए पर्याप्त बजट दें

◆ दिव्यांगता पेंशन से इनकम टैक्स हटाएं

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। उन्होंने सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर हस्तक्षेप की मांग की है। 25 फरवरी को लिखे लेटर में राहुल ने एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर लगाए गए नए आयकर प्रावधान को वापस लेने मांग की।



राहुल ने लिखा कि एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है, लेकिन यह गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने देश की सेवा की, वे आज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इस लेटर एक कॉपी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी भेजी गई है। दरअसल, राहुल गांधी डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य हैं। वे लगातार एक्स-सर्विसमेन के लिए सरकारी सुविधाएं बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। उनहोंने कहा कि 12 हजार करोड़ से ज्यादा के मेडिकल बिल पेंडिंग हैं। बजट आवंटन आवश्यकता से लगभग 30% कम है। भुगतान न होने के कारण कई अस्पताल योजना से बाहर हो रहे हैं। पूर्व सैनिकों को इलाज के लिए अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा है, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में देरी करनी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

# केजरीवाल ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में की पूजा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** पूर्व सीएम और 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, 'आप' सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

एक दिन पहले ही दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था। कल शाम केजरीवाल ने 'आप' दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी और अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे 'आप' को हरा नहीं पाए तो खत्म करने जुट गए। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई, कोर्ट में ये साबित हो गया। दरअसल, आरोप है कि दिल्ली में 2021-22 की आबकारी नीति में घोटाला हुआ है। केजरीवाल की सरकार के दौरान नई शराब नीति में लाइसेंस देने और मार्जिन तय करने में अनियमितताएं हुईं। इससे कुछ निजी कारोबारियों को फायदा पहुंचा। बाद में यह नीति वापस ले ली गई। सीबीआई केस में आरोपियों को बरी किया गया है। ईडी मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी रक्षा विभाग के नेटवर्क पर होगा ओपन-एआई का इस्तेमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सैम ऑल्टमैन की कंपनी ओपन-एआई और अमेरिकी रक्षा विभाग के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। इसके तहत ओपन-एआई अपने कुछ मॉडल्स को पेंटागन के क्लासिफाइड (गोपनीय) नेटवर्क पर तैनात करेगा। ओपन-एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओपन-एआई की प्रतिद्वंद्वी कंपनी 'एंथ्रोपिक' की टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश दिया है। बता दें कि अमेरिकी सेना चाहती है कि युद्ध और निगरानी के लिए उसे एआई का बिना किसी रोक-टोक के एक्सेस मिले, जिसे एंथ्रोपिक ने अपनी पॉलिसी के खिलाफ बताया था। इसी के चलते सरकार ने ये कदम उठाया है। सैम ऑल्टमैन ने बताया कि रक्षा विभाग के साथ हुए इस समझौते में सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि पेंटागन ने एआई सेफ्टी के प्रति सम्मान दिखाया है। हमारे बीच हुए एग्रीमेंट में दो मुख्य बातें शामिल हैं। पहली, घरेलू स्तर पर मास सर्विलांस (सामूहिक निगरानी) पर रोक होगी और दूसरी, स्वायत्त हथियार प्रणालियों (अटोनोमस वेपन्स) सहित बल के प्रयोग की जिम्मेदारी इंसानों के हाथ में ही रहेगी। ऑल्टमैन के मुताबिक, रक्षा विभाग इन सिद्धांतों पर सहमत है और इन्हें कानून व नीतियों में भी जगह दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## पुंछ में एलओसी के पास मिले 9 जंग लगे मोर्टार शेल, सेना ने किया नष्ट



**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक सीमावर्ती गांव से सेना को नौ पुराने और जंग लगे मोर्टार शेल बरामद हुए। यह घटना शनिवार को मेंढर सेक्टर के मनकोट इलाके की है। अधिकारियों के अनुसार, आर्मी के जवान एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग पर थे, तभी उन्हें मनकोट क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर मोर्टार शेल बिखरे हुए दिखाई दिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को तुरंत घेर लिया गया और नागरिकों की आवाजाही रोक दी गई। इसके बाद सेना की बम निरोधक दस्ते (बम डिस्पोजल स्क्वॉड) को मौके पर बुलाया गया। विशेषज्ञ टीम ने सावधानीपूर्वक जांच के बाद सभी शेल को नियंत्रित विस्फोट के जरिए सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद बरामद



**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के विभिन्न जिलों से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन प्रीपैक (पीआरओ) से जुड़े चार उग्रवादियों को जबरन वसूली की गतिविधियों में कथित संलिप्तता में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इन उग्रवादियों को पिछले 48 घंटों के दौरान गिरफ्तार किया गया।

इंफाल पश्चिम जिले में बृहस्पतिवार को क्षत्रिमयुम लाइबा मेइती (42) को लामदेंग खुनू स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। उसी दिन संगठन के एक अन्य सदस्य को खुमान लाम्पक क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस के बयान के अनुसार, संगठन के एक अन्य सदस्य खुरैजाम रोजितकुमार सिंह (37) को इंफाल पूर्व जिले के थोंगजू पार्ट-द्वितीय मखा लेइकाई स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षाबलों ने चुराचंदपुर जिले के थिंगहिजांग गांव में एक अभियान के दौरान एक मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल, तीन सिंगल-बैरल राइफलें, एक बोल्ट-एक्शन राइफल और स्कोप से लैस बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल जब्त की। एक अन्य अलग अभियान में सुरक्षाबलों ने एक .303 राइफल, दो देसी बोल्ट-एक्शन सिंगल-बैरल बंदूकें, मैगजीन सहित चार पिस्तौल, एक बम और पंद्रह .303 कारतूस बरामद किए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. हर्षदीप ने फ्री दी होम्योपैथी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 49 में आयोजित मल्टीस्पेशियलिटी मेगा मेडिकल कैंप में डॉ. हर्षदीप कौर शेरगिल ने निःशुल्क होम्योपैथी परामर्श और दवाइयां प्रदान कीं। शिविर में तीव्र एवं दीर्घकालिक रोगों, अनिद्रा, वजन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग, प्रजनन संबंधी समस्याएं, कम प्लेटलेट्स, सीओपीडी, गठिया और जीवनशैली से जुड़ी अन्य समस्याओं का उपचार किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय टंडन और मेयर सौरभ जोशी ने इस पहल की सराहना की। कैंप का सफल आयोजन रोहित कुल्लर और सुमित महाजन द्वारा किया गया। डॉ. शेरगिल ने होम्योपैथी की सुरक्षा और प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा कि यह समग्र स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने दिए होली ऑफर्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक से यूनिवर्सल बैंक बनने की सैद्धांतिक मंजूरी पाने वाला पहला बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्रोसरी, शॉपिंग और ट्रैवल श्रेणियों में विशेष होली ऑफर्स की घोषणा की है। ये ऑफर्स एयू डेबिट और क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए तैयार किए गए हैं ताकि त्योहारी खरीदारी और यात्रा पर बचत हो सके। ग्रॉसरी में इंस्टामार्ट पर ₹111 तक की छूट और ब्लिंकिट, जेप्टो व जियोमार्ट पर 5% छूट, शॉपिंग में एजीओ (AJIO) पर 10% छूट और ट्रैवल में रेडबस व अभिबस पर 10% छूट दी जा रही है। ये ऑफर्स 31 मार्च 2026 तक मान्य हैं और डिजिटल जीवनशैली में आसान और लचीली बचत का अवसर प्रदान करते हैं।

## नेशनल साइंस-डे पर सीजीसी लांडरां में नवाचार का उत्सव



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी) लांडरां ने नेशनल साइंस डे पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें डिपार्टमेंट एप्लाइड साइंसेज और डिपार्टमेंट ऑफ़ स्टूडेंट वेलफेयर ने सहयोग दिया। इस अवसर पर नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन की रमन प्रभाव की खोज को याद किया गया और छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा तथा नवाचार की भावना को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सतनाम सिंह संधू, चेयरमैन, परमपाल सिंह ढिल्लों, वाइस चेयरमैन और अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। फिजिक्स, एनालिटिक्स, बायोप्रोसेसिंग, साइबर सिक्योरिटी, नैनोटेक्नोलॉजी और इंस्ट्रूमेंटेशन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं और वर्कशॉप्स आयोजित की गईं। प्रमुख आकर्षण 'रिसर्च फॉर पायनियर्स' प्रदर्शनी थी, जिसमें ऑटोमेशन, क्लीन एनर्जी, वेस्ट मैनेजमेंट और सस्टेनेबल एग्रीकल्चर जैसे क्षेत्रों में 100+ छात्र-नेतृत्वित परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं।

चेयरमैन सतनाम सिंह संधू ने विज्ञान और ह्यूमन सेंट्रिक टेक्नोलॉजी, विशेषकर एआई के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से तकनीक का जनहित के लिए उपयोग करने, रिसर्च और नवाचार को बढ़ावा देने तथा एथिकल एआई में नेतृत्व निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने छात्रों में नवाचार की भावना को और प्रोत्साहित किया।

## अनुराग ठाकुर ने उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. नीरज गोयल को नवाजा





डॉ. गोयल को सम्मानित करते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले वरिष्ठ सर्जन डॉ. नीरज गोयल को हेल्थ केयर अवार्ड्स 2026 के दौरान सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सम्मानित किया। 1000 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर चुके डॉ. गोयल को हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के मरीजों के लिए किडनी उपचार सेवाओं की पहुंच मजबूत करने तथा ट्रांसप्लांट सेवाओं को नई दिशा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के दौरान डॉ. नीरज गोयल ने किडनी स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि पुरानी किडनी रोग के प्रमुख जोखिम कारकों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और अनियमित जीवनशैली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी रोगों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

वर्तमान में डॉ. गोयल Alchemist Hospital में एसोसिएट डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट - यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट के पद पर कार्यरत हैं और उत्तर भारत में किडनी ट्रांसप्लांट सेवाओं को सुलभ एवं प्रभावी बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस सम्मान से न केवल चिकित्सा क्षेत्र में उनकी वर्षों की सेवा को मान्यता मिली है, बल्कि हिमाचल सहित पूरे क्षेत्र के मरीजों के लिए यह गर्व का विषय भी है।

## राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए खन्ना किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, खरड़।** पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना को समाज और देश के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा एक गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। यह विशेष आयोजन गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत रयात बाहरा यूनिवर्सिटी की डीन छात्र कल्याण प्रो. (डा.) सिमरजीत कौर के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संचार करते हैं। चंडीगढ़ के मेयर सौरव जोशी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अविनाश राय खन्ना को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की मान्यताएं समाज में ईमानदारी, समर्पण और जनसेवा के मूल्यों को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के उन प्रयासों की सराहना की, जिनके माध्यम से समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। अपने संबोधन में अविनाश राय खन्ना ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सामाजिक उन्नति के लिए किए गए सामूहिक प्रयासों की पहचान है।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का लाभ घर-घर पहुंचाने के प्रयास जारी: कुलवंत सिंह

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत मोहाली विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्तर पर पंजीकरण शिविर लगाकर आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह बात सेक्टर-82 स्थित मारबेला ग्रैंड सोसायटी में लगे शिविर का जायजा लेते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी विभागों, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता फैलाई जा रही है तथा शिविरों के माध्यम से मौके पर ही पंजीकरण करवाया जा रहा है।



विधायक कुलवंत सिंह शिविर का दौरा करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना आम लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत हजारों परिवारों को उच्च स्तरीय इलाज की सुविधा मिल रही है और गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत प्राप्त हो रही है। विधायक ने कहा, 'हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मोहाली क्षेत्र में लगाए गए शिविरों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मौके पर ही अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करवाई। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी रखा जाए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर यूथ नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाणा, आर.पी. शर्मा ब्लॉक प्रधान, हरपाल सिंह चन्ना ब्लॉक प्रधान, डॉ. कुलदीप सिंह हल्का कोऑर्डिनेटर बी.सी. विंग, विक्रम सिंह संधू, नीलम नंदवानी, नीरज कुमार, नसीब सिंह संधू, दिनेश जिंदल, अमन गुजराल, श्वेता, अमन मलिक, हरिंदर पाल सिंह मान, गुरु दत्त सिंह सिधवानी, जसपाल सिंह, गुरिंदर सिंह भट्टी, मनजीत सिंह तथा कर्नल जसवंत सिंह उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में नेशनल साइंस-डे पर समारोह का किया आयोजन

# 20 महिला फैकल्टी मेंबर्स को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

◆ महिलाओं के नेतृत्व और विज्ञान में समान अवसर पर दिया जोर

◆ स्टूडेंट-लेड इनोवेशन और प्रोजेक्ट्स की लगी प्रदर्शनी

**गुरनाम सागर, मोहाली।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में शनिवार को नेशनल साइंस-डे पर 'साइंस में महिलाएं: विकसित भारत को बढ़ावा देना' विषय पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि, नाईपर मोहाली के डायरेक्टर प्रो. दुलाल पांडा ने कहा कि भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर अब ग्लोबल यूनिवर्सिटीयों के बराबर है और युवा, खासकर महिलाएं, अगर सिर्फ नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने वाले बनने की सोच अपनाएं तो देश की दिशा बदल सकती हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे रिसर्च, इनोवेशन और स्टार्टअप्स के माध्यम से अपने आइडियाज को वास्तविकता में बदलें।





प्रो. पांडा ने महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि असली चुनौती समाज की बाधाएं हैं, खासकर टू-बॉडी प्रॉब्लम जैसी स्थितियों में, जहां कपल्स को एक ही स्थान पर करियर के मौके ढूंढने में कठिनाई होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि संस्थानों को ऐसे मामलों को सुलझाने के लिए सिस्टम तैयार करना चाहिए ताकि सभी को बराबर अवसर मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि साइंस केवल रट्टा मारने के लिए नहीं है, बल्कि ऑब्जर्वेशन, क्यूरिऑसिटी और एनालिसिस के लिए है। शिक्षा केवल रोजगार का जरिया नहीं, बल्कि देश और समाज को बेहतर बनाने का साधन है।

सेरेमनी में हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, रिन्यूएबल एनर्जी मॉडल, एआई-ड्रिवन एप्लिकेशन, बायोटेक्नोलॉजी इनोवेशन और रोबोटिक्स सहित छात्र-नेतृत्वित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। इंटरैक्टिव स्टॉल और नुक्कड़ नाटक ने सोशल ट्रांसफॉर्मेशन, जेंडर इक्विटी और कम्युनिटी अवेयरनेस में विज्ञान की भूमिका रचनात्मक तरीके से पेश की। साइंस के पांच क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 महिला फैकल्टी मेंबर्स को वुमन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट प्रोजेक्ट्स में विजय कुमार, क्विज में समायरा, पोस्टर-मेकिंग में हिमानी काचरू और फाइनल स्टैटिक प्रतियोगिता में रूही अरिशा को प्रथम स्थान मिला। समारोह ने छात्रों और शोधकर्ताओं में रिसर्च, नवाचार और महिलाओं के नेतृत्व की भावना को और मजबूत किया।

## सैदपुर हाई स्कूल में नई रसोई और इंटरलॉक टाइलों का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

◆ जिला योजना समिति ने 5 लाख के अनुदान से स्कूल सुविधाओं को किया मजबूत

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** गांव सैदपुर के सरकारी हाई स्कूल में निर्मित नई रसोई तथा स्कूल की चारदीवारी के अंदर लगाई गई इंटरलॉक टाइलों का उद्घाटन इंजीनियर प्रभजोत कौर, चेयरपर्सन, जिला योजना समिति, एस.ए.एस. नगर द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, अध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस परियोजना के लिए जिला योजना समिति, साहिबजादा अजीत सिंह नगर द्वारा 5 लाख रुपये की अनुदान राशि जारी की गई थी। इस राशि से स्कूल में रसोई का निर्माण तथा चारदीवारी के अंदर इंटरलॉक टाइलों का फर्श बिछाकर विद्यालय की आधारभूत संरचना को मजबूत किया गया है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इंजीनियर प्रभजोत कौर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना पंजाब सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नई रसोई बनने से विद्यार्थियों के लिए मध्याह्न भोजन स्वच्छ और साफ-सुथरे वातावरण में तैयार किया जा सकेगा, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंटरलॉक टाइलों का फर्श बिछने से स्कूल परिसर साफ-सुथरा और सुंदर बना है। बरसात के मौसम में कीचड़ की समस्या से भी राहत मिलेगी, जिससे विद्यार्थियों और अध्यापकों को आने-जाने में सुविधा होगी। स्कूल इंचार्ज राजबंस कौर ने जिला योजना समिति चेयरपर्सन प्रभजोत कौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अनुदान से विद्यालय की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता पूरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी धन का उपयोग पारदर्शिता और ईमानदारी से किया जाएगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बीसीसीआई महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के लिए एचपीसीए ने की टीम की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने बीसीसीआई महिला अंडर-23 वन डे एलीट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए टीम घोषित कर दी है। एचपीसीए की इस टीम की कमान नैंसी शर्मा को सौंपी गई है। वहीं टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों में कशिका ठाकुर, धन्य लक्ष्मी, पल्लवी ठकुर, अंशिका सिंह, अंशिका ठाकुर, हर्षिता राजपूत, साक्षी ठाकुर, देवांशी वर्मा, हिमांशी मेहता, मनीषा रावत, ज्वासुवि फिश्टा, कनु प्रिया, रिंकल पांडे तथा अंशिता संदल को जगह मिली है। इसके अलावा टीम में पवन सेन मुख्य कोच, सुनील कुमार सहायक कोच कोच, जानवी अरोरा फिजियो, प्रीति रानी ट्रेनर, अभिषेक ठाकुर वीडियो विश्लेषक, सोनाली ठाकुर मालिशकर्ता तथा शिव कपूर मैनेजर शामिल हैं। प्रतियोगिता के पहले मैच में हिमाचल प्रदेश असम के साथ 3 मार्च को, हिमाचल प्रदेश और मुंबई 5 मार्च को, हिमाचल प्रदेश और पुडुचेरी 7 मार्च को, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान 9 मार्च को तथा हिमाचल प्रदेश और पंजाब 11 मार्च को भिड़ेंगे। यह सभी मैच हरियाणा में खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में बनेगा रवि शास्त्री स्टैंड

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने फैसला किया है कि ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में अब एक स्टैंड का नाम रवि शास्त्री के नाम पर होगा। यह सम्मान किसी भी क्रिकेटर के लिए बहुत बड़ी बात होती है। शास्त्री भी सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ियों की खास लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। स्टेडियम में भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलिप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडल्जी के नाम 3 दरवाजों के नाम भी रखे जाएंगे। एडल्जी ने 1978 और 1993 के विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी की थी। रवि शास्त्री का मुंबई क्रिकेट से बहुत पुराना और गहरा रिश्ता रहा। उन्होंने न केवल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम की कप्तानी भी की। एमसीए के अधिकारियों का कहना है कि शास्त्री ने एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में भारतीय टीम के कोच के रूप में क्रिकेट जगत में जो योगदान दिया, उसे देखते हुए ही यह फैसला लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सलमान आगा का पाकिस्तान टी-20 टीम के कप्तान पद से हटना तय

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली आगा को मौजूदा आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में टीम के अभियान के बाद अपने पद से हटा दिया जाएगा। आगा के अलावा टीम के कुछ अन्य अनुभवी खिलाड़ियों के लिए यह आखिरी टी-20 टूर्नामेंट हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस वैश्विक आयोजन में टीम के प्रदर्शन से 'असंतुष्ट' हैं। सूत्र ने शनिवार को बताया, 'नकवी बिलकुल भी खुश नहीं हैं, क्योंकि इस बार उन्हें चयनकर्ताओं, टीम प्रबंधन और बोर्ड में उनके करीबी सहयोगियों ने भरोसा दिलाया था कि टीम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी।' नकवी ने आगा को टी-20 कप्तानी से हटाने का मन बना लिया है। इसके साथ ही वह मुख्य कोच माइक हेसन और चयनकर्ताओं के साथ कुछ खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर स्पष्ट चर्चा करेंगे। सूत्र ने कहा, 'सलमान के अलावा बाबर आजम, उस्मान खान और कुछ अन्य खिलाड़ियों के टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर पर भी विश्व कप के बाद पर्दा गिर सकता है।' (अनंत ज्ञान)

### पूर्व टेनिस खिलाड़ी ऐश्ले एडम्स

**अमेरिका** की पूर्व टेनिस स्टार ऐश्ले एडम्स खेल से दूर होने के बाद अब प्लेबॉय मैग्जीन की मॉडल बन गई हैं। इससे पहले उन्होंने अमेरिका की 'ऑन्ली फैंस' वेबसाइट पर भी अपना अकाउंट बनाया था, जो कि लोकप्रिय हो गया था। उनके चाहने वालों की संख्या लाखों में है।



# जम्मू-कश्मीर 67 साल में पहली बार बना रणजी चैंपियन

## कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ रहा, जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में बढ़त के आधार पर मिली जीत

◆ जेएंडके की टीम ने आठ बार की विजेता कर्नाटक को हराया

◆ कर्नाटक के लिए स्टार प्लेयर प्रसिद्ध कृष्णा ने लिए 5 विकेट

**एजेंसी, बेंगलुरु**

जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रच दिया है। टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम 1959 से इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है और 67 साल बाद पहला खिताब जीता है। बेंगलुरु के पास हुवली क्रिकेट ग्राउंड पर 5 दिन मैच में 24 फरवरी को जम्मू एंड कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 584 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक को 293 रन पर ऑल आउट कर दिया था। दूसरी पारी में जम्मू-कश्मीर ने 4 विकेट पर 342 रन बनाए और पारी डिक्लेयर कर दी। पहली पारी में मिली बढ़त की आधार पर जम्मू कश्मीर की टीम को विजेता घोषित किया गया। टीम ने 8 बार की विजेता कर्नाटक को हराया।

वीरवार को मुकाबले के पहले दिन जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। यावर हसन ने 88, शुभम पुंदीर ने 121, कप्तान पारस डोगरा ने 70, अब्दुल समद ने 61, विकेटकीपर कन्हैया वाधवान ने 70 और साहिल लोत्रा ने 72 रन बनाकर टीम को 584 तक पहुंचा दिया। वहीं, होम टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 विकेट लिए। विद्याधर पाटील, विजयकुमार वैशाख,

### जम्मू-कश्मीर के लिए कामरान और साहिल ने जड़े शतक



**जम्मू-कश्मीर** ने 5वें और आखिरी दिन 186/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। कामरान इकबाल (160) और साहिल लोत्रा (101) ने नाबाद शतक लगाया। टीम ने लंच के बाद लंच सेशन के बाद 342/4 को स्कोर पर दूसरी पारी डिक्लेयर कर दी, इसी को साथ मैच ड्रॉ घोषित कर दिया गया।

श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रन आउट भी हुआ। (अनंत ज्ञान)




### कर्नाटक के लिए मयंक अग्रवाल ने बनाए 160 रन

584 के सामने कर्नाटक की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 57 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। केएल राहुल 13 और कप्तान देवदत्त पडिक्कल 11 रन बनाकर आउट हुए। करुण नायर और रविचंद्रन स्मरण खाता भी नहीं खोल सके। पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल ने फिर श्रेयस गोपाल और कृतिक कृष्णा के साथ पारी संभाली। हालांकि, दोनों के आउट होते ही कर्नाटक की पारी बिखर गई। अग्रवाल 160 रन बनाकर आउट हुए, उनके जाते ही टीम लड़खड़ा गई।

### कर्नाटक 11 साल बाद पहुंचा था फाइनल में

**कर्नाटक** ने 11 साल बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी। टीम ने 2013-14 और 2014-15 में लगातार 2 सीजन खिताब जीते। टीम 8 बार चैंपियन बनी और 4 बार रनर-अप भी रही। इस बार कर्नाटक ने भी ग्रुप-बी में 3 ही मुकाबले जीते और 3 ड्रॉ खेले। टीम को इकलौती हार टेबल टॉपर मध्य प्रदेश के खिलाफ मिली थी। कर्नाटक ने क्वार्टर फाइनल में मुंबई जैसी मजबूत टीम को उन्हीं के होमग्राउंड पर 4 विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड के खिलाफ टीम ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल जीत लिया। टीम अब पहली पारी में बढ़त नहीं ले पाने के कारण ही फाइनल हार रही है।वहीं, जम्मू-कश्मीर पहनी बार फाइनल में पहुंचा था।

### रणजी चैंपियनों को 2 करोड़ इनाम और सरकारी नौकरी

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कर्नाटक के खिलाफ ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने के उपलक्ष्य में टीम जम्मू और कश्मीर को 2 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी और कर्नाटक के घरेलू मैदान पर उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए इस उपलब्धि को जम्मू और कश्मीर के क्रिकेट सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में गर्व की भावना जगाई है और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को प्रेरित किया है जो राष्ट्रीय क्रिकेट जगत में जम्मू और कश्मीर के निरंतर उत्थान को रेखांकित करता है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए नव अधिसूचित नीति के तहत विजयी टीम के सभी सदस्य सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे।

## खेल मंत्रालय ने डीसीसीआई को भारत या भारतीय शब्द का उपयोग न करने के दिए निर्देश

◆ कहा- डीसीसीआई के पास राष्ट्रीय खेल महासंघ की मान्यता नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) को निर्देश दिया है कि वह अपने नाम या गतिविधियों में 'इंडिया (भारत)' या 'इंडियन (भारतीय)' शब्दों का उपयोग न करे, क्योंकि उसे राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। मंत्रालय ने डीसीसीआई के सचिव रवि कांत चौहान को भेजे पत्र में स्पष्ट किया कि 'इंडिया' या 'इंडियन' शब्दों का उपयोग करने की केवल उन्हीं निकायों को अनुमति है, जिन्हें सरकार से आधिकारिक मान्यता प्राप्त है। इसी प्रकार के पत्र भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ और भारतीय बॉडी बिल्डर महासंघ सहित अन्य संगठनों को भी भेजे गए हैं। पत्र में कहा गया है, 'विभाग के संज्ञान में आया है कि आपकी संस्था, अर्थात 'भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद', 'भारत' शब्द का उपयोग कर रही है, जबकि इसे इस मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। मंत्रालय ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, ''आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने संगठन के नाम और किसी भी गतिविधि में 'इंडिया' या 'इंडियन' शब्दों का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद करें। अनधिकृत उपयोग पर प्रचलित नियमों और लागू कानूनों के तहत उचित कार्रवाई की जा सकती है।' (अनंत ज्ञान)

# भारत और वेस्टइंडीज में आज रोमांचक मुकाबला

## जीतने वाली टीम की मिलेगा सेमीफाइनल का टिकट, हारने वाली टीम टूर्नामेंट से होगी बाहर

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं, लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया।

संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था।

अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अच्छी गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं।

यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।

## एफआईएच वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंची इंग्लैंड हॉकी टीम

◆ हैदराबाद में 8 से 14 मार्च तक होगा प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 8 देश होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, हैदराबाद**

इंग्लैंड की महिला टीम एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंच गई है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 8 से 14 मार्च तक तेलंगाना की राजधानी में आयोजित किया जाएगा, जहां आठ देशों की टीमें विश्व कप में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इंग्लैंड की टीम समृद्ध इतिहास के साथ इस प्रतियोगिता में उतर रही है। टीम अब तक 11 एफआईएच वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुकी है और इस बार उसका लक्ष्य बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए टिकट हासिल करना है। इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 संस्करण में रहा था, जब टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस बार टीम उस उपलब्धि से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी।

टीम की कप्तान फ्लोरा पील ने हैदराबाद पहुंचने के बाद आत्मविश्वास जताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में उनका प्रशिक्षण शिविर काफी सफल रहा और उससे पहले चीन में प्रो लीग के दौरान टीम ने कई प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेले।

उनके अनुसार टीम फिलहाल शानदार लय में है और टूर्नामेंट की शुरुआत का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भारतीय परिस्थितियों को लेकर भी टीम उत्साहित नजर आई। खिलाड़ी लिली वॉकर ने कहा कि टीम के कई सदस्य पहले भारत आ चुके हैं और यहां के दर्शकों और माहौल को लेकर उत्साह है। गर्म मौसम से तालमेल बिठाने के लिए टीम ने विशेष तैयारी की है, जिसमें सॉना सेशन शामिल हैं, ताकि खिलाड़ी यहां की जलवायु के लिए पूरी तरह तैयार रह सकें। इंग्लैंड को विश्व कप के तीन उपलब्ध स्थानों में से एक हासिल करने के लिए पूल-ए में मजबूत प्रदर्शन करना होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 मार्च को इटली के खिलाफ करेगी, 9 मार्च को कोरिया गणराज्य से भिड़ेगी और 11 मार्च को ऑस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## विल जैक्स ने की शेन वॉटसन की बराबरी

◆ टी-20 वर्ल्ड कप में चार बार बने मैन ऑफ द मैच

**एजेंसी, कोलंबो।** शुक्रवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जीत के हीरो रहे विल जैक्स, जिन्होंने 18 गेंद पर नाबाद 32 रन की तेज पारी खेली और 2 विकेट भी लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। जैक्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता। इसी के साथ उन्होंने एक ही एडिशन में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने के मामले में शेन वॉटसन की बराबरी कर ली, जिन्होंने भी 2012 में 4 अवॉर्ड हासिल किए थे। तब वॉटसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे। वहीं, 2022 में सिकंदर रजा ने तीन बार यह सम्मान पाया था। टी-20 वर्ल्ड कप में कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम स्पिनर्स के लिए सबसे मददगार साबित हुआ। न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मैच में 31 ओवर स्पिनर्स ने फेंके। यह टूर्नामेंट इतिहास के एक मैच में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रहे। इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भी दोनों टीमों के स्पिनर्स ने मिलकर 31 ओवर डाले थे। (अनंत ज्ञान)



## एमएस धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड ने भेजा नोटिस

◆ अपने रेजिडेंशियल प्लॉट पर पैथोलॉजी लैब चलाने का आरोप, 15 दिन में मांगा जवाब

**एजेंसी, रांची**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड ने नोटिस जारी किया है। मामला रांची के हरमू इलाके में स्थित आवासीय प्लॉट से जुड़ा है। बोर्ड का आरोप है कि यह प्लॉट केवल आवासीय उद्देश्य से आवंटित किया गया था, लेकिन वर्तमान में वहां कथित तौर पर एक पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है। नोटिस में धोनी से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिन के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो प्लॉट का आवंटन रद्द करने की सिफारिश की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)



### नियमों का उल्लंघन नामंजूर

**झारखंड** स्टेट हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड ने हाल के दिनों में ऐसे कई मामलों की समीक्षा शुरू की है, जिनमें आवासीय प्लॉट का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन किसी के लिए भी स्वीकार्य नहीं है, चाहे वह आम नागरिक हो या कोई चर्चित हस्ती। बोर्ड का उद्देश्य आवंटन की शर्तों को सख्ती से लागू करना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने धोनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें झारखंड का गौरव बताया था।

## सैंटनर बोले-चीजें कंट्रोल से बाहर, हम दूसरों के भरोसे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 रोमांचक मोड़ पर आ गया है। सुपर-8 स्टेज में 2 दिन का खेल बाकी है और सेमीफाइनल की 2 टीमें अब भी तय होना बाकी है। 2 स्पॉट के लिए 4 टीमें रेस में बनी हुई हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने इंग्लैंड से हार के बाद कहा कि चीजें अब उनके कंट्रोल से बाहर हो गई हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैंटनर ने कहा, 'यह देखकर दुख होता है कि अब चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं हैं।



हमें दूसरी टीमों के नतीजों पर नजर रखनी पड़ रही है। हमने कुछ मौकों पर गलतियां कीं, जिसका नुकसान हमें उठाना पड़ रहा है। 'टीम अब पाकिस्तान की हार के भरोसे है। टीम के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी पारिवारिक कारणों के चलते न्यूजीलैंड लौट गए हैं। सुपर-8 स्टेज में लगातार 3 मैच जीतकर सेमीफाइनल में एंट्री करने वाली इंग्लिश टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने जोस बटलर का बचाव किया। वे बोले- बटलर भले रन नहीं बना पा रहे हैं, लेकिन सेमीफाइनल में बड़ी पारी खेलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### हम डेथ ओवर्स में अच्छा नहीं खेले

**सैंटनर** ने माना कि इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने पावरप्ले और डेथ ओवर्स में सही खेल नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि अब बस एक ही रास्ता है कि श्रीलंका आखिरी मैच जीते और हम नॉकआउट में पहुंच जाएं। न्यूजीलैंड अगर सेमीफाइनल में पहुंच गया तो हेनरी की कमी टीम को जरूर खलेगी।

**यूईएफए चैंपियंस लीग** | राउंड ऑफ 16 का शेड्यूल जारी, लिवरपूल और आर्सनल के सामने मजबूत चुनौती

# 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड से भिड़ेगी मैनचेस्टर सिटी

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

यूरोप के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग' के राउंड-ऑफ-16 के ड्रॉ निकल चुके हैं। इंग्लैंड की मैनचेस्टर सिटी और रिकॉर्ड 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड एक बार फिर आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच भी माना जा रहा है, क्योंकि दोनों ही टीमें टाइटल जीतने की दावेदार हैं।

कोच पेप ग्वार्डिओला की मैनचेस्टर सिटी और कार्लो एंसेलोटी की रियल मैड्रिड के बीच पिछले कुछ सालों में एक नई राइवलरी पैदा हो गई है। पिछले सीजन भी दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए थे। फुटबॉल फैंस भी सोशल मीडिया पर इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। सिटी के पास अर्लिंग हालैंड जैसा स्ट्राइकर है, वहीं मैड्रिड के पास विनिशियस जूनियर और जूड बेलिंगम जैसे स्टार प्लेयर्स हैं। माना जा रहा है कि इस महामुकाबले को जीतने वाली टीम के फाइनल की राह आसान हो जाएगी। चैंपियंस लीग के नॉकआउट मुकाबले 10 मार्च से खेले जाएंगे। मुकाबले 'होम और अवे' फॉर्मेट में होंगे, यानी हर टीम को एक मैच अपने होमग्राउंड पर और एक विपक्षी टीम के ग्राउंड पर खेलना होगा। दोनों मैचों में सबसे ज्यादा गोल मारने वाली टीम विजेता बनेगी और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी। फाइनल मुकाबला 24 मई को ओस्लो के उलेवाल स्टेडियम में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)




### आर्सनल के सामने मजबूत बायर लेवरकुसेन क्लब

**राउंड** ऑफ 16 में इंग्लैंड के दिग्गज क्लबों की साख दांव पर है। आर्सनल का सामना जर्मनी के मजबूत क्लब बायर लेवरकुसेन से होगा। वहीं, लिवरपूल को तुर्किये के क्लब गालाटासराय के खिलाफ भिड़ना है, जिनसे वे लीग स्टेज में पहले हार चुके हैं। इसके अलावा, चेल्सी की भिड़ंत डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के पेरिस सेंट-जर्मन क्लब से होगी। जबकि न्यूकैसल यूनाइटेड को स्पेन के दिग्गज क्लब बार्सिलोना का सामना करना पड़ेगा।

### अटलांटा को हैरी केन से मिलेगी कड़ी चुनौती

**जर्मनी** के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख को इटली के अटलांटा के खिलाफ ड्रॉ मिला है, जहां इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन की फॉर्म बायर्न के लिए सबसे बड़ा हथियार साबित होगी। एक और रोमांचक मुकाबला एटलेटिको मैड्रिड और टॉटनहम के बीच देखने को मिलेगा, जहां कोनोर गैलाघेर अपनी पुरानी टीम स्पर्स के खिलाफ मैड्रिड के लिए मैदान में उतरेंगे। वहीं एक मुकाबला स्पोर्टिंग पुर्तगाल और बोडो ग्लिम्ट के बीच भी खेला जाएगा।

